


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 200/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, बुधवार 19 फरवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in

चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज

### पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जीता टॉस, पहले गेंदबाजी करने का लिया फैसला



सांध्यप्रकाश विशेष

## ज्ञानेश कुमार ने संभाला भारत के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार

17 फरवरी 2025 को कानून और न्याय मंत्रालय की गजट अधिसूचना के अनुसार, ज्ञानेश कुमार ने आज भारत के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला है। अपना पदभार ग्रहण करने के बाद, श्री ज्ञानेश कुमार ने मतदाताओं को संदेश देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण का पहला कदम मतदान है और भारत के हर नागरिक जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है, उसे मतदाता बनना चाहिए और हमेशा मतदान करना चाहिए।



उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत के संविधान, चुनावी कानून, नियम और उनके अंतर्गत जारी निर्देशों के अनुसार, चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ था, है और रहेगा।

## बलोचिस्तान हो सकता है अलग, पाकिस्तान का फिर से बंटवारा, पाकिस्तानी संसद में ही उठे सवाल

### बलूचिस्तान में स्वतंत्रता की चेतावनी, सेना पर सरकार को नियंत्रित करने के आरोपः मौलाना फजलुर रहमान



पाकिस्तान के जाने-माने इस्लामिक नेता और सांसद मौलाना फजलुर रहमान ने एक बड़ी चेतावनी दी है कि बलूचिस्तान के 5-7 जिले स्वतंत्रता की घोषणा कर सकते हैं, जिसे संयुक्त राष्ट्र भी मान्यता दे सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तानी सेना सरकार को नियंत्रित कर रही है, जो 1971 के पूर्वी पाकिस्तान के बांग्लादेश बनने की घटना की याद दिलाता है।

नेशनल असेंबली में बोलते हुए, रहमान ने कहा कि यदि बलूचिस्तान के जिले स्वतंत्र होने की घोषणा करते हैं, तो संयुक्त राष्ट्र उन्हें मान्यता दे सकता है। उन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्ध का जिक्र करते हुए चेतावनी दी कि ऐसी स्थिति एक बार फिर बन सकती है। इसके अलावा, उन्होंने पाकिस्तान की सेना पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ ताकतवर लोग बंद कमरों में फैसले करते हैं, जिन्हें सरकार को मानना पड़ता है।

यह बयान ऐसे समय में आया है जब कुर्रम क्षेत्र में हिंसा फिर से भड़क गई है, जहाँ शिया-सुन्नी संघर्ष के कारण पिछले कुछ दशकों से तनाव बना हुआ है। नवंबर में शुरू हुई नई लड़ाई में 150 लोगों की मौत हो चुकी है। रहमान ने इस हिंसा और पाकिस्तान की कमजोर राजनीतिक स्थिति पर चिंता व्यक्त की, जिसका जिक्र करते हुए उन्होंने पिछले महीने कहा था कि सरकार ने खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में अपना नियंत्रण खो दिया है, जिससे दो दशकों में बड़े पैमाने पर पलायन हुआ है।

उन्होंने सभी हितधारकों से समाधान खोजने की अपील की और चेतावनी दी कि अगर संकट का समाधान नहीं हुआ तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। रहमान ने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान में कोई भी सिविलियन सरकार का कंट्रोल नहीं है और पॉलिसी से जुड़े फैसले बंद कमरों में होते हैं।

## व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बातचीत करने को तैयार

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब में हुई वार्ता में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की के साथ बातचीत करने की संभावना का संकेत दिया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि पुतिन ज़रूरत पड़ने पर ज़ेलेंस्की के साथ वार्ता करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने ज़ेलेंस्की की वैधता पर सवाल उठाए हैं, जिसके कारण समझौते के लिए क़ानूनी आधार पर बातचीत की ज़रूरत है। पुतिन ने पिछले कुछ समय से ज़ेलेंस्की की वैधता पर सवाल उठाए हैं, क्योंकि उनका राष्ट्रपति कार्यकाल पिछले साल मई में समाप्त हो चुका है। यूक्रेन के अधिकारियों का कहना है कि रूस के हमले और यूक्रेन में मार्शल लॉ के कारण देश में राष्ट्रपति चुनाव संभव नहीं हो सके। इस वार्ता के संकेत से यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के समाधान की उम्मीद जुड़ी हुई है। हालांकि, दोनों पक्षों के बीच अभी भी कई मुद्दे अनसुलझे हैं, जिन पर बातचीत की ज़रूरत है।



# युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार से जोड़ना सरकार का संकल्पः सीएम

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव हायर सेकेण्डरी में प्रावीण्य सूची में आए विद्यार्थियों को 21 फरवरी को लैपटॉप की राशि अंतरित करेंगे

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेशभर के शासकीय स्कूलों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खाते में शुक्रवार 21 फरवरी को सिंगल क्लिक के माध्यम से लैपटॉप की राशि अंतरित की जाएगी। हायर सेकेंड्री बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रदेश के छात्र-छात्राओं को लैपटॉप लेने के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। लैपटॉप विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा और केरियर के अन्य लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश के माध्यम से मेधावी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उच्च शिक्षा और कौशल उन्नयन के माध्यम से प्रदेश के होनहार युवाओं को आगे बढ़ने के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है। प्रदेश के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह संकल्पित है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प अनुसार प्रदेश में हर स्तर पर युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में कार्य जारी है। कई सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि गरीबी दूर करने के लिए प्रदेश में विकास का कारवां निरंतर चलता रहेगा।



मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने हरियाणा के राज्यपाल दत्तात्रेय के आगमन पर प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने राज्यपाल श्री दत्तात्रेय को प्रदेश में जारी विकास गतिविधियों और जनकल्याण कार्यक्रमों की जानकारी दी।



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मुख्यमंत्री निवास में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से सौजन्य भेंट की।

ममता बनर्जी के मृत्यु कुंभ वाले बयान पर सीएम मोहन यादव ने कहा

## ये सनातन धर्म के विरुद्ध विकृत मानसिकता

**भोपाल।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा महाकुंभ को लेकर दिए गए बयान पर भाजपा हमलावर है। सीएम मोहन यादव ने अब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए बयान का विरोध किया है। सीएम मोहन यादव ने कहा है कि, उनका ये सनातन धर्म के विरुद्ध विकृत मानसिकता दर्शाता है। सीएम यादव ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि, ममता बनर्जी ने महाकुंभ को मृत्यु कुंभ कहकर हिन्दू धर्म का अपमान किया है, उनका ये बयान सनातन धर्म के विरुद्ध उनकी विकृत मानसिकता को दर्शाता है। परमात्मा इन्हें सद्बुद्धि दें और ये देश से माफी मांगें।

### क्या कहा था ममता बनर्जी ने

महाकुंभ 2025 पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा, यह मृत्यु कुंभ है...मैं महाकुंभ का सम्मान करती हूं, मैं पवित्र गंगा मां का सम्मान करती हूं लेकिन कोई योजना नहीं है...कितने लोग बरामद हुए हैं?अमीरों, वीआईपी के लिए, 1 लाख रुपये तक के कैंप (टेंट) पाने की व्यवस्था उपलब्ध है। गरीबों के लिए, कुंभ में कोई व्यवस्था नहीं है...मेले में भगदड़ की स्थिति आम है, लेकिन आपने क्या योजना बनाई है?

# दिल्ली फतह के बाद इन तीन राज्यों पर पीएम मोदी की नजर

## मैराथन दौरे का पहला पड़ाव बिहार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में करीब तीन दशक बाद जीत हासिल करने वाली भाजपा ने जश्न मना लिया है और अब फिर से चुनावी अभियान में जुट गई है। खासतौर पर पार्टी के शीर्ष नेता पीएम नरेंद्र मोदी किसी भी तरह से रिलैक्स के मूड में नहीं हैं। अब वह बिहार, असम और तमिलनाडु जैसे राज्यों पर फोकस कर रहे हैं। बिहार में तो इसी साल अक्टूबर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके अलावा असम और तमिलनाडु में अगले साल इलेक्शन होगा। इन राज्यों को लेकर पहले से ही भाजपा तैयारी में है और 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर से पीएम नरेंद्र मोदी चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे। भागलपुर में रैली को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसके अलावा असम भी वह 24 फरवरी को ही जाएंगे।

असम और तमिलनाडु में चुनाव लगभग एक साल दूर है, लेकिन पीएम मोदी कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते। इसी के चलते वह असम जाएंगे तो फिर वहीं 28 तारीख को तमिलनाडु के रामेश्वरम भी पहुंच रहे हैं। वह यहां पर पंबन पुल का उद्घाटन करेंगे, जो द्वीपीय शहर रामेश्वरम को तमिलनाडु के अन्य हिस्सों से जोड़ेगा। बिहार और असम के भाजपा नेताओं ने पीएम मोदी के दौरे की डिमांड की थी। दिल्ली में खुद पीएम मोदी ने चुनाव प्रचार का नेतृत्व किया था। यहां तक कि यमुना की सफाई को लेकर उन्होंने कहा था कि इस काम की निगरानी मैं व्यक्तिगत तौर पर करूंगा। ऐसे में माना जा रहा है कि पीएम मोदी ही आने वाले चुनावों में भी चेहरा होंगे।

बिहार में तो भाजपा का सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के साथ गठबंधन है। भागलपुर में पीएम मोदी के साथ ही मंच पर नीतीश कुमार भी होंगे। ऐसे में वहां नीतीश कुमार और पीएम मोदी की कुछ साझा रैलियां भी होंगी। असम में तो भाजपा बीते 10 सालों से



सत्ता में है और उस पर तीसरी बार वापसी का दबाव होगा। भाजपा को भागलपुर सीट पर कमजोर माना जाता है। ऐसे में यहां से पीएम मोदी का रैली करना अहम है। इसके अलावा संकेत है कि भाजपा बिहार में किसी भी इलाके में खुद को कमजोर नहीं दिखाना चाहती।

भागलपुर में ही पीएम मोदी की ओर से किसान सम्मान निधि योजना की नई किस्त जारी की जाएगी। वह भागलपुर में एक नई सेंट्रल यूनिवर्सिटी की स्थापना के एक आयोजन में भी शामिल होंगे। यहीं से वह दो दिनों की असम यात्रा पर रवाना हो जाएंगे, जहां इनवेस्टमेंट समिट का भी आयोजन होना है। इसमें 3 लाख करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद जताई जा रही है।

राजस्थान के बजट में दिया कुमारी के बड़े ऐलान

## मुफ्त बिजली, 9 एक्सप्रेसवे और सरकारी नौकरियां

**जयपुर , एजेंसी।** मुफ्त बिजली, 9 एक्सप्रेसवे और सरकारी नौकरियां; राजस्थान के बजट में दिया कुमारी के 5 बड़े ऐलान राजस्थान की भजनलाल सरकार ने बुधवार को अपना दूसरा पूर्ण बजट पेश किया। राज्य की उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कई बड़े ऐलान किए। वित्त मंत्री ने 150 यूनिट मुफ्त बिजली, 9 एक्सप्रेस-वे और 1.25 लाख सरकारी नौकरियों समेत कई बड़े ऐलान किए। इसके अलावा बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांगजनों को मिलने वाली मासिक पेंशन को भी बढ़ाकर 1250 रुपए कर दिया गया है।



**150 यूनिट मुफ्त बिजली-** राजस्थान में अभी सरकार 100 यूनिट मुफ्त बिजली दे रही है। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इसे बढ़ाकर 150 यूनिट मासिक किए जाने की घोषणा की। इसके लिए सोलर प्लेट लगाए जाएंगे। जिन लोगों के घरों पर इसके लिए जगह नहीं है, उनके लिए सामुदायिक सोलर सिस्टम लगाने की बात कही गई है।

**राजस्थान में 9 एक्सप्रेसवे का निर्माण होगा-** वित्त मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में प्रदेश में 9 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाएगा। इस पर 60 हजार करोड़ रुपए का खर्च आएगा।

**सरकारी नौकरियों पर बड़ा ऐलान-** दिया कुमारी ने आगामी वित्त वर्ष में एक लाख 25 हजार पदों पर भर्तियां करने की भी घोषणा की। अपने बजट भाषण में उन्होंने कहा, युवाओं को अधिकाधिक रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से सरकारी विभागों व राजकीय उपक्रमों में आगामी वर्ष में एक लाख 25 हजार पदों पर भर्तियां करने की मैं घोषणा करती हूं।

## महाकुंभ को लेकर अफवाह फैलाने वाले सनातन आस्था का कर रहे अपमानः योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ के आयोजन को लेकर अफवाह फैलाने वाले करोड़ों लोगों की आस्था का अपमान कर रहे हैं। अब तक महाकुंभ में 56 करोड़ से भी ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का आयोजन किसी सरकार का आयोजन नहीं है। यह सनातन संस्कृति का आयोजन है। महाकुंभ पर अफवाह फैलाने वाले और अनर्गल आरोप लगाने वाले सनातन आस्था का अपमान कर रहे हैं। इस पर राजनीति नहीं करना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी विधानसभा में महाकुंभ पर संक्षिप्त चर्चा में जवाब दे रहे थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा के लोग महाकुंभ का पहले दिन से ही विरोध कर रहे हैं। इनकी एक सहयोगी ममता बनर्जी ने महाकुंभ को मृत्युकुंभ कहा है। इसी तरह राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने इसे फालतू की बात कहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि महाकुंभ की भगदड़ में हजारों लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि अगर सनातन संस्कृति का पालन करना अपराध है तो हम से अपराध हजार बार करेंगे। उन्होंने सपा पर हमला करते हुए कहा कि संक्रमित व्यक्ति का उपचार हो सकता है संक्रमित सोच का कोई उपचार नहीं है। महाकुंभ महान आयोजन है। महान कार्य को तीन अवस्थाओं से गुजरना पड़ता है। उपहास से, विरोध से और स्वीकृति से। स्वीकृति का इससे अधिक प्रमाण क्या हो सकता है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष खुद चुपचाप जाकर महाकुंभ में डुबकी लगा आए।



## आप किसी बड़े वकील का नाम लेंगे और हम सुनवाई स्थगित कर देंगे, ऐसे नहीं चलेगा, सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नई दिल्ली।** बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील ने पीठ से सुनवाई स्थगित करने की मांग की क्योंकि एक वरिष्ठ वकील सुनवाई में शामिल होने वाले थे। इस पर पीठ ने वकील को फटकार लगाई और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि किसी बड़े वकील का नाम लेकर आप मामले की सुनवाई स्थगित करा लेंगे तो आपका ये सोचना गलत है।

**सुप्रीम कोर्ट पीठ ने जताई नाराजगी-** जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइंया की पीठ ने एक व्यवसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। दरअसल सुनवाई के दौरान पेश हुए एक वकील ने कोर्ट से अपील की कि सुनवाई के चार हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया जाए।

# भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का नाम तय

**नई दिल्ली।** दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, यह सस्पेंस आज खत्म हो जाएगा। बुधवार शाम 7 बजे बीजेपी के विधायक दल की बैठक बुलाई गई है, जिसमें केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में विधायक दल के नेता का चयन किया जाएगा। उससे पहले दिन में केंद्रीय नेतृत्व द्वारा पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। बैठक के बाद विधायक दल का नेता एलजी ऑफिस जाकर सरकार बनाने का दावा पेश करेगा, जिसे एलजी मंजूरी के लिए राष्ट्रपति भवन भेजेंगे। उसके बाद गुरुवार को रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह होगा।

**शपथ ग्रहण समारोह में बनेंगे तीन मंच-** सूत्रों के मुताबिक, शपथ ग्रहण समारोह के लिए कुल तीन मंच बनाए जाएंगे, जिसमें एक मंच 40 गुणा 24 और दो मंच 34 गुणा 40 के होंगे। मंच पर करीब 150 कुर्सियां लगाई जाएंगी। वहीं, आम लोगों के बैठने के लिए 30 हजार कुर्सियां लगाई जाने की संभावना है। सूत्रों का कहना है कि 1.5 लाख लोगों के आने की व्यवस्था का इंतजाम किया गया है।




**बीजेपी ने केजरीवाल आतिशी को शपथ ग्रहण का न्योता दिया-** दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल, आतिशी और दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव को शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण दिया।

### विधायक दल की बैठक आज शाम

शपथ ग्रहण समारोह से पहले दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री के नाम का भी ऐलान हो जाएगा। आज शाम 7 बजे प्रदेश कार्यालय में बीजेपी के विधायक दल की बैठक बुलाई गई है, जिसमें पार्टी के नव निर्वाचित 48 विधायक और कुछ प्रमुख नेता मौजूद रहेंगे। उससे पहले दिन में केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से केंद्रीय पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए जाएंगे, जिनकी मौजूदगी में विधायक दल का नेता चुना जाएगा। बैठक के बाद नए मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान होगा, जिसके बाद वह पार्टी नेताओं के साथ राजनिवास जाकर एलजी से मिलेंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। राष्ट्रपति की मंजूरी लेकर एलजी इस संबंध अधिसूचना जारी करेंगे, जिसके बाद गुरुवार की सुबह सीएम और उनके मंत्रिमंडल के 6 सहयोगी रामलीला मैदान में शपथ लेंगे।

## दिग्गज नेता मनजिंदर सिंह सिरसा पर लग सकती मोहर

2025 दिल्ली विधानसभा चुनावों में 48 सीटें जीतकर भाजपा ने आप को सत्ता से बेदखल किया है। पार्टी 19 फरवरी को एक नया मुख्यमंत्री चुनने के लिए तैयार है। भाजपा, जो 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में आई है, 19 फरवरी को अपने निर्वाचित विधायकों की बैठक में दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री का चयन कर सकती है।

**परवेश साहिब सिंह वर्मा-** दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक दिग्गज विजेता, जिन्होंने नई दिल्ली क्षेत्र से अरविंद केजरीवाल को हराया। परवेश वर्मा पूर्व दिल्ली मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पुत्र हैं। उन्होंने 2013 में महरौली से विधानसभा में प्रवेश किया।

**मनजिंदर सिंह सिरसा-** ने राजौरी गार्डन सीट से आप के धनवती चंदेला को हराया। सिरसा दिल्ली में पंजाबी चेहरा हैं और भाजपा उन्हें पंजाब में अपना आधार बढ़ाने के लिए शीर्ष पद पर देख सकती है।

**विजेंद्र गुप्ता-** 1963 को जन्मे, विजेंद्र गुप्ता एक अनुभवी भाजपा नेता हैं और श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के पूर्व छात्र हैं। वे तीन बार रोहिणी से पार्षद रह चुके हैं और दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष भी रहे हैं।

**सतीश उपाध्याय-** एक अनुभवी भाजपा नेता, जो दशकों से दिल्ली की राजनीति में सक्रिय हैं। वे दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। 2025 में उन्होंने मालवीय नगर से चुनाव लड़ा।

**वीरेंद्र सचदेवा-** 23 मार्च 2023 को दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष बने, उनके नेतृत्व में पार्टी ने 2025 चुनाव में बहुमत हासिल किया। उन्होंने जीत के बाद कहा कि मुख्यमंत्री पद के लिए निर्णय केंद्रीय नेतृत्व लेगा।

**हरीश खुराना-** पूर्व दिल्ली मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना के पुत्र, जिन्होंने 2025 में मोती नगर से चुनाव लड़ा। आप के शिवचरण गोएल को हराकर, उन्होंने अपनी राजनीतिक पैतृकता का लाभ उठाया।

राज्यमंत्री नेहरू युवा केंद्र और केंद्र सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित सीमावर्ती राज्यीय युवा आदान-प्रदान कायक्रम में की सहभागिता

# युवा पीढ़ी में राष्ट्र के प्रति अटूट भक्ति और दुनिया को जीतने का जोश भी है: मंत्री कृष्णा गौर



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी योग्य और जिम्मेदार हैं। युवा पीढ़ी में राष्ट्र के प्रति अटूट भक्ति भी है और दुनिया को जीतने का जोश भी है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र और भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित सीमावर्ती राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के समापन अवसर पर छात्रों को संबोधित किया । राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि निश्चित रूप से युवाओं की सोच, आपका चिंतन, आपका विचार, आपका दृष्टिकोण इस भारतवर्ष को नहीं दिशा देने का काम करता है और इसलिए आप अपने संस्कृति से परंपराओं से अपने देश की माटी से जुड़े रहे। यह वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसी उद्देश्य से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में नेहरू युवा केंद्र और भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा सीमावर्ती राज्यीय कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। सीमावर्ती राज्यों की चुनौतियां भी बहुत होती है । हजारों वर्षों से हमारा देश संस्कृति परंपराओं के लिए जाना जाता था, उस संस्कृति, परंपरा पर हम सबको गर्व है, हमारे पूर्वजों ने कई यातनाएं और प्रताड़नाएं व कष्ट सहकर भी इस संस्कृति को बचाकर रखा। कार्यक्रम में पांच राज्यों (उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, राजस्थान और पंजाब) से आए छात्रों ने अपने अनुभव भी मंच से साझा किए। इस दौरान भोपाल नगर निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, नेहरू युवा केंद्र की जिला अधिकारी निक्की राठौर, प्रदीप देशमुख और विभिन्न राज्यों से आए छात्र मौजूद रहे।

## बीएचईएल उद्योग नगरी की सड़कों का किया भूमिपूजन



**भोपाल।** बीएचईएल के महात्मा गांधी चौराहे पर गोविंदपुरा विधायक एवं राज्यमंत्री कृष्णा गौर के द्वारा उद्योग नगरी की कायाकल्प हेतु बीएचईएल की सड़कों के डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।ज्ञात हो कि मंत्री जी को ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉईज यूनियन द्वारा बीएचईएल उद्योगनगरी की सड़कों के लिये चर्चा कर ज्ञापन दिया था। जिसका मंत्री ने त्वरित कार्यवाही करते हुये आज बीएचईएल की मुख्य सड़को की मरम्मत एवं बनाने हेतु 2 करोड़ का आवंटन कर भूमि पूजन किया। जिसमें मुख्य रूप से महात्मा गांधी चौराहे से पिपलानी पेट्रोल पंप तक सड़क निर्माण, अवधपुरी तिराहे से चेतक ब्रिज तक का सड़क निर्माण , अन्नानगर चौराहे से डी.आर.एम. ऑफिस तक के सड़क निर्माण ,कुछ जगह पर पेंचवर्क हेतु राशि का आवंटन हुआ है। मंत्री कृष्णा गौर द्वारा बीएचईएल भोपाल की उद्योग नगरी में निरंतर कार्य किये जा रहे है। ऑल इंडिया बीएचईएल एम्पलाइज यूनियन संबद्ध निफ्टू के महासचिव रामनारायण गिरी द्वारा यूनियन की मांग को गंभीरता से लेते हुए सड़क निर्माण कार्य करवाए जाने हेतु संपूर्ण बीएचईएल के कर्मचारीयो की तरफ से मंत्री जी को धन्यवाद दिया एवं आभार प्रकट किया। इस अवसर पर यूनियन के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र दहाट, अल्ताफ अंसारी, अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ,सचिव एवं मीडिया प्रभारी आशीष सोनी, विशाल वाणी, राजमल बैरागी, योगेश देवस्कर, निलेश रायकवार,अरुण इक्का सहित उपस्थित रहे।



**भोपाल। पूर्व विधायक मन्नू डागा ने बेटी की शादी का कार्ड केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह को दिया। इस दौरान केके चौरसियां सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे।**

## चिकित्सकों के दलों ने 110 सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा निगमकर्मियों विशेषकर स्वच्छता संबंधी कार्यों में संलग्न कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु समय-समय पर शिविरों का आयोजन किया जाकर शिविरों में विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच, औषधी वितरण के साथ ही उपचार एवं स्वास्थ्य के संबंध में सलाह दी जा रही है। इसी तारतम्य में सोमवार एवं मंगलवार को ईदगाह गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 110 सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. प्रतिभा सिंधी व अन्य चिकित्सकों द्वारा किया गया एवं विभिन्न रोगों की जांच व औषधी वितरण भी किया गया। बुधवार, 19 फरवरी 2025 एवं गुरूवार, 20 फरवरी को गोविंदपुरा गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला मुख्य एवं चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों के आयोजन के क्रम में ईदगाह गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में 17 एवं 18 फरवरी 2025 को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किये गये। इन शिविरों में डॉ. प्रतिभा सिंधी सहित अन्य चिकित्सकों व सहयोगी स्टॉफद्वारा 110 सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

# मनुष्य जन्म केवल परमात्मा की प्राप्ति के लिए मिला है: मुकेश महाराज

### हर-हर शंकर घर-घर शंकर की धुनी के साथ महाशिवरात्रि पर्व का हुआ आरंभ



**संत हिरदाराम नगर।** पूर्ण ज्योति सेवा संस्था के तत्वाधान में शिव महापुराण कथा वाचक मुकेश महाराज के सानिध्य में हर हर शंकर घर-घर शंकर की का शुभारंभ किया गया। कालका चौराहे स्थित हरे कृष्ण मंदिर पर हरि ओम नमः शिवाय धुनी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। धुनी के साथ-साथ भजन और प्रवचन भी हुए। प्रवचनों में मुकेश महाराज ने कहा कि मनुष्य योनि में जन्म मिलना कोई छोटी-मोटी बात नहीं है यह मनुष्य जन्म हमें परमात्मा की कृपा से ही मिला है इसीलिए हमारा उद्देश्य परमात्मा को प्राप्त करना ही है संसारी माया में भटक कर इस मनुष्य योनि को व्यर्थ ना गवाएं। भगवान के नाम का कीर्तन संकीर्तन करते चले साथ ही जरूरतमंदों की सेवा और अपने सामर्थ्य अनुसार दान पुण्य करते चले क्योंकि मरने के उपरांत यही सब परलोक में काम आता है बाकी सब भौतिक सुख संसाधन यहीं पर रह जाते हैं इसीलिए घर-घर में भगवान के नाम की धुनी लगाकर यही संदेश दिया जा रहा है इस अवसर पर संत नरेश पारदासानी ने भी प्रवचन दिए और भगवान भोलेनाथ की महिमा बताई उन्होंने कहा कि देव दानव मानव सभी शिवजी की आराधना करके ही अपना जीवन सफल करते हैं।

## गौ सेवा और पौधारोपण कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक का जन्मदिन मनाया



**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच के मार्गदर्शक इन्द्रेश के जन्मदिन भारत तिब्बत सहयोग मंच मध्य एवं छत्तीसगढ़ प्रांत के संयोजक गिरिराज किशोर, पोद्दार राजू भैया के आह्वान पर गुफा मंदिर गोशाला पहुंचकर गौ सेवा के उपरांत वृक्षारोपण कर कर्मकांडी ब्राह्मणों के द्वारा स्वस्तिवाचन के साथ जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच भोपाल जिलाध्यक्ष नितिन दुबे ने बताया कि इंद्रेश जी के जन्म दिन पर समस्त मंच के कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया है कि पूरे भोपाल में पूरे वर्ष भर पांच हजार वृक्षों का रोपण करेंगे एवं गऊ माता की सेवा संकल्प के साथ निरंतर कार्य करते रहेंगे। कैलाश मानसरोवर की मुक्ति एवं तिब्बत की आजादी के लिए निरंतर भारत तिब्बत सहयोग मंच कार्यकर्ता रहेगा जिसमें प्रमुख रूप से मध्यप्रांत के मंत्री चन्द्रशेखर तिवारी राधे महाराज, महिला विभाग प्रदेश संयोजक समता अग्रवाल, निधि कौशिक गुफा मंदिर के अधिकारी महंत,बिमल दास त्यागी, गोविंद शर्मा सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कहानी और कविता पर केंद्रित समागम आज से

**भोपाल।** कहानी और कविता पर केंद्रित भव्य समागम 19 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। कला, साहित्य एवं संस्कृति के लिये समर्पित वनमाली सृजनपीठ द्वारा वनमाली के शिष्य एवं प्रखर कवि, आलोचक, अनुवादक, पत्रकार विष्णु खरे की स्मृति में राष्ट्रीय कविता सम्मानों की घोषणा की गई है। तीन दिवसीय वनमाली कथा समय एवं राष्ट्रीय विष्णु खरे कविता सम्मान समारोह रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एवं स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में होगा। चार अलग-अलग श्रेणियों में रचनाकारों को सम्मानित किया जायेगा। विष्णु खरे आलोचना सम्मान से वरिष्ठ आलोचक, कवि, अनुवादक नंदकिशोर आचार्य बीकानेर, विष्णु खरे अनुवाद सम्मान से वरिष्ठ अनुवादक ए. अरविंदाक्षन केरल, विष्णु खरे कविता सम्मान से सुप्रसिद्ध साहित्यकार, कवि, अनुवादक एवं आलोचक लीलाधर मंडलोई नई दिल्ली, तथा विष्णु खरे युवा कविता सम्मान से युवा कवियत्री सुश्री पार्वती तिर्की (झारखंड) को सम्मानित किया जायेगा। वनमाली कथा समय एवं विष्णु खरे कविता सम्मान समारोह 19 से 21 फरवरी- किया जायेगा।19 एवं 20 फरवरी, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में कथा समय का एवं 21 फरवरी को विष्णु खरे कविता सम्मान का आयोजन स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय भोपाल के वनमाली सभागार में आयोजित किया जायेगा। इसमें पहले दिन समकालीन साहित्यिक पत्रकारिता का परिदृश्य और वनमाली कथा, परिचर्चा मलयालम में हिंदी के रचनाकार विषयों पर सत्रों का आयोजन होगा।

## भाजपा नेताओं ने संपर्क कर प्राप्त की समर्पण निधि



भोपाल। समर्पण निधि भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य आर्थिक सुचिता एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देना है । इस अभियान के अंतर्गत वार्ड 72 में भानपुर मंडल अध्यक्ष निलेश गौर तथा नगर निगम जोन 16 के अध्यक्ष, वार्ड 72 के पार्षद विकास पटेल के नेतृत्व में एवं वार्ड 74 में मंडल अध्यक्ष निलेश गौर तथा वार्ड 74 के पार्षद प्रतिनिधि, भाजपा वरिष्ठ नेता राजू लोधी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी समर्थक, समाजसेवियों से संपर्क कर समर्पण निधि प्राप्त की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पार्टी को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना है, ताकि वह अपने कार्यक्रमों और गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से चला सके। समर्पण निधि संग्रह में विधायक प्रतिनिधि विनोद साहू जी, अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत जी, मंडल महामंत्री सुबोध साहू, मंडल मंत्री विजय गौतम, मंडल कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश गौर, अजा मोर्चा जिला सह मीडिया प्रभारी शुभम कोरी, राम आशीष विश्वकर्मा जी, राकेश परिहार सम्मलित थे।

## मोदी से मंत्रालय बार एसोशिएशन ने मांगा मिलने का समय



**भोपाल।** म.प्र. की राजधानी भोपाल में ग्लोबल इन्वेर्स्ट समिट 2025 में शामिल होने के लिये प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी भोपाल आ रहे है। म.प्र. मंत्रालय बार ऐसोसिएशन के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि भोपाल एवं उसके आसपास की जनता लगभग 50 वर्षो से भोपाल में उच्च न्यायालय की खण्डपीठ की स्थापना के संबंध में आंदोलन कर रही है म.प्र. मंत्रालय बार एसोशिएशन भोपाल 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल आपसे मिलकर एक ज्ञापन सौंपना चाहता है। 23 या 24 फरवरी को समय दिलवाने की कृपा करें।

## ट्राइडेन्ट ने सस्टेनेबिलिटी और आधुनिकीकरण पर 1000 करोड़ की कैपेक्स योजना के साथ 2027 तक भारतीय कारोबार में 3 गुना विकास का लक्ष्य रखा

**भोपाल।** विश्वस्तरीय सदन एवं होम टेक्सटाईल्स इंडस्ट्री में जाने-माने नाम ट्राइडेन्ट ग्रुप ने आज भारत टेक्स 2025 में अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की, कंपनी ने 2027 तक अपने भारतीय कारोबार में तीन गुना विकास का लक्ष्य रखा है। इसी लक्ष्य के मद्देनजर कपंनी ने होम टेक्सटाईल्स, यार्न एवं एनर्जी बिज़नेस में स्थायित्व, आधुनिकीकरण और सम्पत्ति संवर्धन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए वित्तीय वर्ष 25-26 के लिए रु 1000 करोड़ की कैपेक्स योजना बनाई है। कंपनी के डोमेस्टिक होम टेक्सटाईल ब्राण्ड मायट्राइडेन्ट ने लक्ज़होम के लॉन्च के साथ लक्ज़री सेगमेन्ट में प्रवेश किया है। यह एक्सक्लुज़िव लाईन खासतौर पर उन उपभोक्ताओं के लिए लाई गई है जो होम टेक्सटाईल्स में बेहतरीन कारीगरी और बेजोड़ गुणवत्ता को पसंद करते हैं। इस कलेक्शन में प्रीमियम बैडिंग एवं बेहतरीन टॉवल्स का क्यूरेटेड सलेक्शन है। ये टॉवल (तौलिए) बेहद मुलायम और टिकाऊ हैं और आसानी से पानी सोख लेते हैं)। रु 4000 से रु 40000 की रेंज में उपलब्ध लक्ज़होम के प्रोडक्ट्स किसी भी घर की भव्यता में चार-चांद लगा देते हैं। यह लॉन्च भारत के तेज़ी से विकसित होते लक्ज़री होम फर्नीशिंग मार्केट में मायट्राइडेन्ट को मजबूती से स्थापित करेगा। पद्मश्री डॉ राजिन्दर गुप्ता, चेयरमैन, ट्राइडेन्ट ग्रुप ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ''ट्राइडेन्ट में हम इनोवेशन एवं सस्टेनेबिलिटी के साथ टेक्टाईल उद्योग के भविय को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत टेक्स 2025 एक ऐतिहासिक आयोजन है, जो टेक्सटाईल के पावरहाउस के रूप में भारत की अपार क्षमता को दर्शाता है और ट्राइडेन्ट के लिए गर्व की बात है कि इसे इस यात्रा में योगदान देने का अवसर मिला है। आधुनिक टेक्नोलॉजी, स्थायी प्रथाओं और मार्केट-उन्मुख समाधानों में निवेश कर हम न सिर्फ अपनी लीडरशिप स्थिति को मजबूत बना रहे हैं बल्कि होम टेक्सटाईल उद्योग में उत्कृष्टता के नए मानक भी स्थापित कर रहे हैं।

# पद्मनाभन नगर में बमलेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा 28 फरवरी को



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



भोपाल के गोविंदपुरा स्थित पद्मनाभन नगर ई सेक्टर बरखेड़ा में प्राचीन शिव मंदिर का निर्माण कर भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी यह जानकारी हिंदू शेर गोविंद महाले राष्ट्रीय भगवा सेवादल प्रदेश अध्यक्ष, ने मीडिया को दी उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक कृष्णा गौर एवं पार्षद नीरज सिंह विशेष रूप से उपस्थित होकर भगवान की पूजा अर्चना करेंगे यह मंदिर बहुत ही प्राचीन है और लोगों की आस्था का केंद्र है मंदिर समिति अध्यक्ष किंग सुरेश सुब्रमणियम ने बताया कि हम सभी के जन सहयोग से यह मंदिर निर्माण कर रहे हैं इस मंदिर का भव्य उद्घाटन 26 फरवरी को नगर भ्रमण शाम 6 बजे दुर्गा मंदिर साकेत नगर से प्रारंभ होकर दुर्गा मंदिर साकेत नगर पद्मनाभन नगर पुलिया पर समापन होगी 27 फरवरी को रुद्र महाभिषेक एवं पूजन पाठ एवं बमलेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा 28 फरवरी को भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी एवं भंडारा संपन्न होगा इस अवसर पर मंदिर समिति सचिव दीपक नामदेव कृष्ण बोरवेल लाल बहादुर भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे यह मंदिर स्व. शेखर धुर्वे स्मृति में किया जा रहा है।

## मैनेजमेंट की छात्राओं ने किया बजट के दूरगामी प्रभावों का विश्लेषण



**संत हिरदाराम नगर ।** संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट में यूनियन बजट-2025 सेक्टर-वाइज़ एनालिसिस' सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में मैनेजमेंट की छात्राओं के द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न सेक्टर्स का विश्लेषण किया गया। इस सत्र की प्रस्तावना के रूप में संस्थान के डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने यूनियन बजट के बारे में बारीकी से समझाया एवं इसका महत्व बताया।

छात्राओं ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न सेक्टर्स जैसे-एग्रीकल्चर, हेल्थ केयर, एजुकेशन, स्किल डेवलपमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्ट-अप, एनर्जी, रेलवे, बैंकिंग एवं इनकम टैक्स पर बजट के दीर्घकालीन प्रभावों पर प्रकाश डाला। बजट के विभिन्न प्रावधानों एवं सेक्टर्स पर उनके प्रभावों को विस्तार से समझाया गया एवं यह सार प्रस्तुत किया कि इस बजट में सभी वर्गों एवं सेक्टर्स के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जो अर्थव्यवस्था के प्रोत्साहन के लिए संजीवनी साबित होंगे। रिसर्च क्लब के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को सर्टिफिकेट वितरित किए गए।

## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता असीमित नहीं

# अश्लीलता परोसने वालो को सुप्रीम कोर्ट का कड़ा संदेश



त्वरित टिप्पणी
जी. के. छिब्बर

सुप्रीम कोर्ट की पीठ न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवम न्यायमूर्ति एन कोटेश्वर सिंग ने रणवीर अहलाबादिया की जमानत याचिका और सुनवाई करते हुवे अश्लीलता परोसने वाले करने वाले युटुबर एवम ऑनलाइन प्लेटफार्म का अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर दुरुपयोग करने पर कड़ी फटकार लगाई और केंद्र सरकार को भी नोटिस जारी कर दिए की सरकार क्या कर रही है। हालांकि रणवीर को जमानत दे दी क्योंकि उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 294 ,296 के अंतर्गत अब आई टी ऐक्ट के अंतर्गत आरोप है जिनमे 2 वर्ष तक की सजा है जो जमानतीय ही है लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी को भी समाज के मानदंडों के खिलाफ कुछ भी बोलने की छूट नहीं है समाज के कुछ नैतिक मूल्य है उनका सम्मान होना चाहिए ।

यह उल्लेखनीय है कि ओटीपी पर यू ट्यूब पर अश्लीलता की सीमा पार हो रही है सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और सेंसर बोर्ड आँख मूंदे बैठा है रणवीर ने तो बोलकर गलत कंटेंट कहे परन्तु जो खुलेआम अश्लीलता परोसी जा रही है उन पर जनता अक्रोषित क्यों नही होती। एकता कपूर के धारावाहिक एवम कुछ फिल्म भारतीय संस्कृति और परंपरा के विपरीत फिल्मांकन और प्रसारण कर चुके हैं इस पर भी चिंतन होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की फटकार भविष्य के लिए चेतावनी और संकेत है की अब अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग सहन नही किया जायेगा और सरकार भी इस संबंध में कठोर नियमन की कार्यवाही करे इसकी अपेक्षा की जा सकती है सुप्रीम कोर्ट की फटकार स्वागतयोग्य है।

# भोपाल में विधायकों के साथ सांसदों की भी बैठक ले सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल में विधायकों के साथ सांसदों की भी बैठक ले सकते हैं। हालांकि अभी इस संबंध में अधिकृत जानकारी पीएमओ से नहीं आई है, लेकिन ऐसा माना जाना जा रहा है कि वे विधायकों के साथ ही सांसदों को भी इस बैठक में बुलवा सकते हैं। इससे पूर्व एक अन्य राज्य में भी प्रधानमंत्री ने अपने दौरे के दौरान वहां के विधायकों और सांसदों की संयुक्त बैठक की थी। प्रधानमंत्री 23 और 24 फरवरी को भोपाल दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे कुशा भाऊ सभागार में बैठक लेंगे।

प्रधानमंत्री ने विधायकों की बैठक लेने का सिलसिला शुरू किया है। मध्य प्रदेश के दौरे से पहले वे महाराष्ट्र और ओडिसा के भी दौरे पर गए थे। जहां पर उन्होंने इस तरह की बैठक की थी। महाराष्ट्र में उन्होंने विधायकों की बैठक ली थी, लेकिन ओडिसा में उन्होंने विधायकों के साथ सांसदों को भी बैठक में बुलाया था। ओडिसा दौरे के दौरान उन्होंने भाजपा के नेताओं के साथ भोजन भी किया था। प्रधानमंत्री कार्यालय से बैठक को लेकर हरी झंडी मिल चुकी है, लेकिन इस बैठक में कौन-कौन रहेगा यह अभी साफ नहीं हो पाया है।

### ओडिसा में दिए थे टिप्स

बताया जाता है कि ओडिसा में नवंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दौरा किया था। उस दौरान उन्होंने यह बैठक बुलाई थी। इस बैठक में प्रधानमंत्री ने अपने विधायक और सांसदों को यह बताया था कि सार्वजनिक जीवन में उन्हें अपना व्यवहार कैसा रखना चाहिए। उन्होंने बताया था कि दूसरों के साथ कैसा व्यवहार करना है और समस्याओं से कैसे निपटना है। इस बैठक में पीएम ने यह भी बताया था कि अपने क्षेत्र में सभी को मजबूती के साथ न सिर्फ काम करना है, बल्कि क्षेत्र की जनता से सतत संपर्क में रहता है। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं पात्र लोगों तक पहुंच रही है या नहीं, यदि नहीं पहुंच रही तो उन तक पहुंचाने के प्रयास करने होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि इस तरह के कुछ टिप्स प्रधानमंत्री भोपाल की बैठक में भी दे सकते हैं।

### एमपी दौरे से पहले सीएम और डिप्टी सीएम के साथ दिल्ली में होगी बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भोपाल दौरे से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेद्र शुक्ल को दिल्ली बुलाया गया है। तीनों नेताओं की बीस फरवरी को दिल्ली में बैठक है। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लेंगे। बैठक में मध्य प्रदेश के विकास और जीआईएस को लेकर बातचीत हो सकती है। इस दिन दिल्ली में भी मुख्यमंत्री पद की शपथ हो सकती है। इस दिन दिल्ली में भाजपा शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री यहां पर बुलाए गए हैं। इन सभी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठक करेंगे।

## मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से की अपील

# महाकुंभ में जाने से पहले स्थिति पर नजर रखें, सामान्य स्थिति में ही करें यात्रा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार प्रयागराज महाकुंभ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार प्रयागराज महाकुंभ के मद्देनजर सीमावर्ती जिलों में प्रयागराज स्नान के लिये जाने वाले श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। महाकुंभ यात्रा में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीमावर्ती जिला कलेक्टर्स को सजग एवं सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जारी अपने संदेश में महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपनी यात्रा प्रारंभ करने से पहले भीड़/जाम की स्थिति पर नजर बनाए रखें और आवागमन के रास्तों की जानकारी पहले से ही जुटा लें। अगर यात्रा असुविधाजनक हो तो यात्रा कुछ दिन के लिए स्थगित करें और मार्ग ठीक होने पर ही आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि यद्यपि सरकार श्रद्धालुओं के लिए सभी चौक-चौबंद व्यवस्थाएं कर रही है, तथापि श्रद्धालु कुछ जरूरी सामान साथ लेकर भी चलें, जिससे अगर रास्ते में कहीं रुकना पड़े, तो किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

## उद्योग निवेश की नई बुनियाद रखेगी इन्वेस्टर्स समिट




प्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए बेहतर एवं अनुकूल वातावरण, पर्याप्त संसाधन, सुविधाएं और उद्योग मित्र नीतियां हैं मौजूद... उद्योग निवेश की नयी बुनियाद रखेगी भोपाल की इन्वेस्टर्स समिट....ग्लोबल इन्वेस्ट समिट में शामिल होकर मध्यप्रदेश में करें ज्यादा से ज्यादा निवेश.....उद्योगपतियों एवं स्टेक होल्डर्स से मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी ने इंदौर में सीधा संवाद कर किया आव्हान.... इन्वेस्टर्स समिट में आने का दिया आमंत्रण....

@DrMohanYadavzv
@CMMadhyaPradesh @BJPyMP

# सिविल अस्पताल के सुदृढ़ीकरण की आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र करें पूर्ण : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल से राज्य मंत्री गौर ने की सौजन्य भेंट

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि सिविल अस्पताल गोविंदपुरा (हथाईखेड़ा) के लिये सभी आवश्यक नियुक्तियाँ एवं संसाधनों की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर पूरी की जाए ताकि अस्पताल जल्द से जल्द पूर्ण रूप से कार्यरत हो सके। उन्होंने अस्पताल का पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर के नाम से पुनर्नामकरण किये जाने की औपचारिक प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए संकल्पबद्ध है और इस दिशा में सभी आवश्यक कदम शीघ्र उठाए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल से पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने मंत्रालय में सौजन्य भेंट की। उन्होंने सिविल अस्पताल गोविंदपुरा (हथाईखेड़ा) की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के विषय पर विस्तृत चर्चा की।

राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने सिविल अस्पताल (हथाईखेड़ा) में स्पेशलिस्ट डॉक्टर, मेडिकल ऑफिसर और नर्सिंग ऑफिसर्स के स्वीकृत पदों पर शीघ्र नियुक्ति का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल से लगभग 5 लाख की आबादी को लाभ मिलेगा और मैनपॉवर की पूर्ति के साथ ही आईपीडी सेवाओं का संचालन संभव हो सकेगा। साथ ही, उन्होंने अस्पताल में महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों, फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की समुचित व्यवस्था का अनुरोध किया। उन्होंने अस्पताल के लिए सी.टी. स्कैन, लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट, सी.एस.एस.डी. और स्टाफ क्वार्टर्स की स्थापना के लिए भी विशेष प्रावधान किए जाने का अनुरोध किया। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त श्री तरुण राठी सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



## आनंद विभाग में 1 लाख 15 हजार से अधिक आनंदक पंजीकृत

# प्रदेश के बाहर के व्यक्ति भी आनंदक के लिए करा रहे हैं पंजीयन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में आनंद विभाग संचालित किया जा रहा है। राज्य आनंद संस्थान जनता को आनंदित करने संबंधी गतिविधियों का निरंतर आयोजन कर रहा है। विभाग में अब तक 1 लाख 15 हजार 831 आनंदक पंजीकृत हो चुके हैं। आनंदक विभिन्न प्रशिक्षणों और गतिविधियों के माध्यम से जनता और शासकीय सेवकों को आनंदित करने का कार्य कर रहे हैं। प्रदेश के बाहर के व्यक्ति भी आनंद विभाग से जुड़ रहे हैं। प्रदेश के बाहर के 884 व्यक्तियों ने आनंदक के रूप में पंजीयन कराया है।

आगर जिले के 1475, अलीराजपुर के 1292, अनूपपुर के 968, अशोकनगर के 2100, बड़वानी के 2352, बालाघाट के 2401, बैतूल के 2983, भिंड के 2831, भोपाल के 4829, बुरहानपुर के 600, छतरपुर के 2098, छिंदवाड़ा के 1560, दमोह के 1338, दतिया के 952, देवास के 2490,धार के 1896, डिंडोरी के 1046, व्यक्तियों ने आनंदक के लिए पंजीयन कराया है। गुना के 1739, ग्वालियर के 2183, हरदा के 1499, इंदौर के 2844, जबलपुर के 7284, झाबुआ के 1399, कटनी के 1975, खंडवा के 2328, खरगोन के 5222, मैहर के 2776, मंडला के 1977, मंदसौर के 1314, मऊगंज के 288, मुरैना के 2300, नर्मदापुरम के 2580, नरसिंहपुर के 1818, नीमच के 1328, निवाड़ी के 526,पांढुर्णा के 320, पन्ना के 2817, रायसेन के 1147, राजगढ़ के 1208, रतलाम के 2377, रीवा के 2381, सागर के 2084, सतना के 1622, सीहोर के 1473, सिवनी के 4421, शहडोल के 1547, शाजापुर के 1744, श्योपुर के 1255, शिवपुरी 3054, सीधी के 1451, सिंगरोली के 1160, टीकमगढ़ के 2123, उज्जैन के 2288, उमरिया के 1339 एवं विदिशा के 4606 व्यक्तियों ने आनंदक के लिए पंजीयन कराया है। आनंदक के रूप में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए राज्य आनंद संस्थान की वेबसाइट www.anandsansthan-mp.in पर संपर्क कर सकते हैं। आनंदक ने अपने कार्यों के माध्यम से समाज में खुशियों का संचार करने का एक अनोखा प्रयास किया है। आनंदक ने विभिन्न समुदायों में जाकर लोगों को खुशियों का संदेश दिया और उन्हें जीवन की छोटी-छोटी खुशियों को पहचानने के लिए प्रेरित किया। लोगों को अपने जीवन में सकारात्मकता, समाज में खुशियों का संचार करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करना शामिल है। आनंदक के कार्यों को लोगों ने बहुत पसंद किया है और उन्होंने आनंदक को अपने कार्यों के लिए धन्यवाद दिया है। आनंदको ने बताया कि उनका उद्देश्य लोगों को खुशियों का संदेश देना और समाज में खुशियों का संचार करना है। उन्होंने कहा कि वे अपने कार्यों को जारी रखेंगे और लोगों को खुशियों का संदेश देते रहेंगे।

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्वास्थ्य विभाग में भर्ती एवं अधोसंरचना विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में भर्ती प्रक्रिया और अधोसंरचना विकास कार्यों की वृहद समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सकीय, सहायक चिकित्सकीय एवं नर्सिंग ऑफिसर पदों की भर्ती प्रक्रिया की गहन समीक्षा की और समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक प्रस्ताव लोक सेवा आयोग (पीएससी) एवं कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) को शीघ्र भेजे जाएं और भर्ती से संबंधित समस्त औपचारिकताओं को जल्द पूरा किया जाए।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्वास्थ्य विभाग में पदोन्नति के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेडिकल संस्थानों में मैनपावर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि प्रदेश के नागरिकों को सुचारु रूप से स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकें। उन्होंने नवीन ज़िला चिकित्सालयों के निर्माण कार्यों की व्यापक समीक्षा की और निर्देश दिए कि कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जाए। अधोसंरचना विकास के कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जाए। प्रमुख सचिव संदीप यादव, आयुक्त तरुण राठी, एवं संचालक प्रवीण सिंह अढ़ायच सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री के सामाजिक सरोकार के कार्य अत्यंत सराहनीय और अनुकरणीयः शुक्ल

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल का शिलान्यास बुंदेलखंड के लिये बहुत बड़ी सौगात है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 फ़रवरी को कैंसर अस्पताल का शिला-पूजन करेंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी की संवेदनशीलता का परिचायक है। इसके साथ ही महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बागेश्वर धाम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की गरिमामय उपस्थिति में 26 फ़रवरी को 251 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि अल्प आयु में आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री सनातन संस्कृति के संवाहक के रूप में अपना योगदान देने के साथ-साथ सामाजिक सरोकार से जुड़ा इतना बड़ा कार्य कर रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय और अनुकरणीय है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल पं. धीरेन्द्र शास्त्री जी को जन-हितकारी कार्यक्रमों के सफल आयोजन की शुभकामना दी हैं।

# पटना में आयोजित हुआ बिहार साहित्य महोत्सव

**भोपाल।** दो दिवसीय बिहार साहित्य महोत्सव का आयोजन बाबू जगजीवन राम राजनीतिक अध्ययन एवं शोध संस्थान सभागार पटना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अशोक कुमार सिन्हा, एडिशनल डायरेक्टर राज्य संग्रहालय बिहार राज्य, भगवती प्रसाद द्विवेदी, अध्यक्ष कार्यक्रम, शिक्षाविद् एवं वरिष्ट साहित्यकार बिहार, ऊषा सिन्हा, विशिष्ट अतिथि,पूर्व विधायक एवं वरिष्ट साहित्यकार पटना, सुरेश सोनपुरे, विशिष्ट अतिथि,सुपरिचित कवि एवं सेवा निवृत्त अधिकारी,प्रचार एवं जन संपर्क बी एच ई एल भोपाल ने दीपशिखा प्रज्ववलित कर किया। आयोजक कमल किशोर वर्मा, वरिष्ट साहित्यकार, नसीम अख्तर,चर्चित गजलकार, सीमा रानी, गीतकार, वरिष्ट गीतकार मधुरेश,रवि श्रीवास्तव एवं किशोर कुमार सिन्हा ,ने अतिथियों का अभिनंदन कर उन्हें स्मृति चिह्न एवं सम्मान पत्र भेंट किए। दो दिवसीय साहित्य महोत्सव में विभिन्न राज्यों के लगभग 200 साहित्यकार सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि अशोक कुमार सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाषा न सिर्फ संवाद,संप्रेषण के आयाम से महत्वपूर्ण है बल्कि भाषा राष्ट्र की अस्मिता एवं पाचन होती है। वरिष्ट साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी ने समाज में विभिन्न आंचलिक बोलियों, भाषाओं के साहित्य में कमी , असंवेदनशीलता, अरुचिता के प्रति चिंता जाहिरकी । ऊषा सिन्हा ने साहित्य रचना धार्मिता एवं साहित्य के बहु आयामी महत्व पर अपने विचार रखते हुए साहित्य का राष्ट्र निर्माण में क्या योगदान है विषय पर समुचित जानकारी दी। भोपाल से पधारे सुपरिचित कवि सुरेश सोनपुरे ने तकनीकी क्षेत्रों में भाषा की उपयोगिता,प्रभाव एवं महत्व पर अपने सारगर्भित विचार रखे।




# प्रदेश में व्यापक स्तर पर मनाए जाएंगे महाशिवरात्रि और गुड़ी पड़वा पर्व

## कई मंदिरों की साज-सज्जा सहित अनेक आयोजन होंगे

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों की साज-सज्जा सहित विविध आयोजन होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 30 मार्च को गुड़ी पड़वा पर्व पर भी बड़े स्तर पर कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि महाशिवरात्रि से विक्रमोत्सव प्रारंभ होगा। इस वर्ष भी जल गंगा अभियान संचालित किया जाएगा। इस वर्ष जल गंगा अभियान और वॉटर शेड कार्यक्रम के साथ दीर्घ अवधि तक चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक प्रारंभ होने के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 17 फरवरी को चंबल नदी के निकट घड़ियाल अभ्यारण्य का उन्होंने अवलोकन किया। इस अवसर पर 10 घड़ियाल चंबल नदी में छोड़े गए। प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। देश में सर्वाधिक घड़ियाल चंबल के घड़ियाल अभ्यारण्य में हैं। यहाँ पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नई सुविधाएं प्रारंभ की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अभ्यारण्य को पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण केन्द्र बताया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में किसान कल्याण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। चाहे किसानों को धान और अन्य फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि का विषय हो या प्रति हेक्टेयर फसलों के लिए प्रोत्साहन राशि देने का विषय हो, इस संबंध में निकट भविष्य में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। किसानों का कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाओं की स्वीकृति के बाद मध्यप्रदेश तीसरी बड़ी नदी जोड़ो परियोजना से लाभान्वित होगा। यह परियोजना ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना होगी, जिससे महाराष्ट्र राज्य भी लाभान्वित होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में जल संग्रहण, वॉटर रिचार्ज और सिंचाई क्षेत्र के विस्तार की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना एक अनूठी परियोजना होगी जो पृथ्वी के गर्भ में जल भंडारण का कार्य भी करेगी। इस परियोजना से जल स्तर ऊपर आएगा। मध्यप्रदेश के खण्डवा और बुरहानपुर जिलों के सवा लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का विस्तार होगा। परियोजना के संबंध में शीघ्र ही महाराष्ट्र के साथ करारनामा किया जाएगा। केन्द्र सरकार से इस परियोजना के संबंध में आवश्यक सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह परियोजना वॉटर रिचार्ज की दृष्टि से पूरे देश के लिए प्रेरक परियोजना सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश नई औद्योगिक नीतियां लागू कर निवेशकों को आमंत्रत कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की भावना है कि उद्योगों की स्थापना में उद्योगपतियों को अड़चनों का सामना न करना पड़े, इस उद्देश्य से नीतियां सरल होना चाहिए। मध्यप्रदेश, प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा दिए गए इस मंत्र पर अमल कर रहा है। राज्य सरकार ने अनेक उद्योग नीतियों की स्वीकृति प्रदान की है। निवेशकों को नई नीतियां मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करेंगी। निश्चित ही इनसे प्रदेश में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने हाल ही में उत्तराखंड में सम्पन्न राष्ट्रीय खेलों में 82 पदक प्राप्त किए हैं। यह एक विशेष उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने खेलों के विकास के लिए अनेक कदम उठाए हैं। खिलाड़ियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने नेशनल गेम्स में 34 स्वर्ण, 25 रजत और 23 कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। मध्यप्रदेश ने पदक पदक संख्या के मान से देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है, जो एक विशेष उपलब्धि है।

# सरल आयकर, जटिल नियम अब आसानी से समझ पाएंगे

यह सराहनीय है कि 63 वर्ष पुराने आयकर कानून को बदलने के लिए एक विधेयक लोकसभा में प्रस्तुत कर दिया गया। इसके माध्यम से आयकर की भाषा को सरल बनाने के साथ ही अनावश्यक प्रविधानों को हटाया जाएगा। आयकर कानून बदलने और उसे सरल एवं सुस्पष्ट करने के प्रयास किए जा रहे हैं, इसकी पुष्टि इससे होती है कि नया आयकर विधेयक 622 पन्नों का है, जबकि मौजूदा आयकर अधिनियम में 1647 पन्ने हैं।

वित्त मंत्री की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले।

चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी। इस अपेक्षा के साथ ही यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता है, जिससे लोग स्वेच्छा से आयकर देने को प्रेरित हों और उनके मन में किसी तरह का भय न रहे।

जितना आवश्यक आयकर संबंधी नियम-कानून सरल करना है, उतना ही इसकी गुंजाइश खत्म करना भी कि आयकर विभाग लोगों से अनावश्यक रूप से न तो सवाल-जवाब कर सके और न ही किसी भूल-चूक पर उन्हें तंग कर सके। यह तब संभव होगा, जब आयकर अधिकारी आयकरदाताओं को संदेह की दृष्टि से देखना बंद करेंगे। उन्हें यह भी समझना होगा कि आयकर बचाने के उपाय अपनाने का मतलब कर चोरी करना नहीं होता। आयकर विभाग को उन कारणों का निवारण भी करना होगा, जिनके चलते लोग आय छिपाने के जतन करते हैं। इसी के साथ ऐसी भी व्यवस्था करनी होगी, जिससे आयकर का आकलन करने और उसकी वसूली में भ्रष्टाचार न होने पाए। यह इसलिए जरूरी है, क्योंकि चंद दिनों पहले ही फेसलेस असेसमेंट योजना में सेंधमारी का मामला सामने आया। इस मामले में आयकर विभाग के एक डिप्टी कमिश्नर को भी लिप्त पाया गया। यह भी समय की मांग है कि सरकार आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने के उपाय करे। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान में आयकर देने वालों की संख्या चार करोड़ से भी कम है। इनमें मुख्यतः वे ही हैं, जो नौकरीपेशा हैं।

यह सही समय है कि उन लोगों पर निगाह दौड़ाई जाए, जो समर्थ होते हुए भी आयकर नहीं देते। आखिर जो संपन्न किसान एक सीमा से अधिक आय अर्जित करते हैं, उन्हें आयकर के दायरे में क्यों नहीं लाया जाना चाहिए? इसकी अनदेखी नहीं की जाए कि कृषि आय को टैक्स के दायरे से बाहर रखने के नियम का दुरुपयोग भी किया जा रहा है।

# औरंगजेब को आइना दिखाने वाले शिवाजी की सोच का भारत 21वीं सदी की जरूरत

**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

आज भारत करवट बदल रहा है। भाजपा सरकारों पर हिंदुत्व का समर्थन और मुस्लिमों का विरोध करने के आरोप लग रहे हैं। कांग्रेस या भाजपा विरोधी राजनैतिक दलों के निशाने पर भाजपा की मोदी सरकार की कार्यशैली है, तो कई मुस्लिम राजनेता और लेखक-चिंतक, विचारक भाजपा की कार्यशैली के पक्ष का तथ्यों सहित समर्थन कर रहे हैं।

अधिकारी नियाज खान

हाल ही में मध्यप्रदेश कैडर के आईएएस नियाज खान ने एक्स पर लिखा कि ÷इस्लाम तो अरब का धर्म है। यहां तो सभी हिंदू थे। हिंदू से लोग मुस्लिम बनाए गए थे। इसलिए भले ही धर्म अलग-अलग हों, लहू तो एक है। सभी एक संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। अगर जो मुस्लिम अरब के लोगों को आदर्श मानते हैं, वे पुनर्विचार करें। सर्वप्रथम हिंदुओं को अपना भाई मानें, बाद में अरब को।÷ ऐसे कई मुस्लिम विद्वान हैं जो तथ्यों सहित ऐसी ही बात सामने रखते रहे हैं। खास तौर से बात जब मोहब्बत और नफरत की होती है, तो नियाज खान जैसे लेखकों की बातें सही राह दिखाती हैं। पर आज हम बात कर रहे हैं ऐतिहासिक संदर्भ की। उस संदर्भ की, जिसमें यह बात साफ है कि भारत हिंदू राष्ट्र होकर भी मुस्लिमों के सम्मान का ध्यान रखने में समर्थ है। जिसमें यह बात प्रमाणिक है कि वास्तव में हिंदू राष्ट्र भारत में वैमनस्यता, घृणा और धार्मिक अराजकता फैलाने का काम जिन मुस्लिम शासकों ने किया हैज्उसका खामियाजा भारत सैकड़ों साल से भुगत रहा है। और इसका ही परिणाम है कि आज भारत को फिर पुराने मूल स्वरूप में लाने के लिए नए सिरे से जद्दोजहद करनी पड़ रही है। इतिहास में दो समकालीन शासक रहे हैं महाराज शिवाजी और औरंगजेब। यह प्रमाणित है कि औरंगजेब को अगर किसी ने आइना दिखाया है तो वह शिवाजी ही थे। और शिवाजी की सर्वधर्म समभाव से ओतप्रोत धार्मिक नीति, औरंगजेब की नफरत, वैमनस्यता और नरसंहार से भरी धार्मिक नीति को आइना दिखाती है। और जब इन दो समकालीन शासकों की धार्मिक नीति का अध्ययन करेंगे तो सामने आ ही जाएगा कि आज 21 वीं सदी के भारत में शिवाजी की धार्मिक नीति और हिंदू राष्ट्र की भावना तर्कसंगत है। और भारत इस संदर्भ में जिस





दिशा में आगे बढ़ रहा है, वह न्यायपूर्ण और सुसंगत है। शिवाजी के बहाने आज इस गंभीर मुद्दे पर चर्चा इसलिए, क्योंकि शिवाजी की आज जन्म जयंती है। ऐतिहासिक संदर्भ भिन्नता लिए हैं, पर यही सर्वमान्य है कि शिवाजी का जन्म 19 फरवरी, 1630 ई. को शिवनेरी दुर्ग में हुआ था। उनके पिता शाहजी राजे भोंसले एक शक्तिशाली सामंत राजा एवं कूर्मि कुल में जन्मे थे। उनकी माता जीजाबाई जाधवराव कुल में उत्पन्न असाधारण प्रतिभाशाली महिला थीं।

तो अब हम शिवाजी और औरंगजेब की धार्मिक नीति पर एक नजर डालते हैं। शिवाजी एक धर्मपरायण हिन्दू शासक थे तथा वह धार्मिक सहिष्णु भी थे। उनके साम्राज्य में मुसलमानों को धार्मिक स्वतंत्रता थी। कई मस्जिदों के निर्माण के लिए शिवाजी ने अनुदान दिया। हिन्दू पण्डितों की तरह मुसलमान सन्तों और फकीरों को भी सम्मान प्राप्त था। उनकी सेना में मुसलमान सैनिक भी थे। शिवाजी हिन्दू संस्कृति को बढ़ावा देते थे। पारम्परिक हिन्दू मूल्यों तथा शिक्षा पर बल दिया जाता था। अपने अभियानों का आरम्भ वे प्रायः दशहरा के अवसर पर करते थे। वहीं औरंगजेब की धार्मिक नीति पर नजर डालें तो सम्राट औरंगजेब ने इस्लाम धर्म के महत्व को स्वीकारते हुए 'क़ुरआन' को अपने शासन का आधार बनाया। उन्होंने सिक्कों पर कलमा खुदवाना, नौ-रोज का त्यौहार मनाना, भांग की खेती करना, गाना-बजाना आदि पर रोक लगा दी। 1663 ई. में सती प्रथा पर प्रतिबन्ध लगाया। तीर्थ कर पुनः लगाया। अपने शासन काल के 11 वर्ष में 'झरोखा दर्शन', 12वें वर्ष में 'तुलादान प्रथा' पर प्रतिबन्ध लगा दिया। 1668 ई. में हिन्दू त्यौहारों पर प्रतिबन्ध लगा दिया। 1699 ई. में उन्होंने हिन्दू मंदिरों को तोड़ने का आदेश दिया। बड़े-बड़े नगरों में औरंगजेब द्वारा 'मुहतसिब' (सार्वजनिक सदाचारा निरीक्षक) को नियुक्त किया गया। 1669 ई. में औरंगजेब ने बनारस के 'विश्वनाथ मंदिर' एवं मथुरा के 'केशव राय मदिंर' को तुड़वा दिया। उन्होंने शरीयत के विरुद्ध लिए जाने वाले लगभग 80 करों को समाप्त करवा दिया। इन्हीं में 'आबवाब' नाम से जाना जाने वाला रायदारी (परिवहन कर) और पानडारी (चुंगी कर) नामक स्थानीय कर भी शामिल थे। औरंगजेब के समय में ब्रज में आने वाले तीर्थ-यात्रियों पर भारी कर लगाया गया, जजिया कर फिर से लगाया गया और हिन्दुओं को मुसलमान बनाया गया। उस समय के कवियों की रचनाओं में औरंगजेब के अत्याचारों का उल्लेख है। औरंगजेब एक कट्टर सुन्नी मुसलमान था और उसकी नीतियां इस्लामिक रूढ़िवादिता पर आधारित थीं। उसने हिन्दुओं ही नहीं बल्कि शिया मुसलमानों के खिलाफ भी कदम उठाए।

तो शिवाजी और औरंगजेब की धार्मिक नीति से यह साफ है कि वर्तमान भारत में हिन्दू और मुस्लिम को लेकर जो भी बहस हो रही है, उसके मूल में वही असंख्य शूल हैं जो मुस्लिम शासकों के समय पूरे भारत के मूल स्वरूप को नष्ट करने के लिए बिछाए गए थे। और फिर बात वही कि भारत में और पूरी दुनिया में इस्लाम बहुत बाद में आया। तो मूल रूप से तो हिंदू ही भारत में बसे थे। इस्लामी आक्रांताओं ने या तो तलवार के बल पर मुस्लिम बनाया या फिर तात्कालिक परिस्थितियों में लोभ-लालच, सम्मान के भावों ने हिन्दू जनसंख्या को इस्लाम धर्म अपनाने की राह दिखाई। ऐसे में आज इस बात पर गहन विचार करने की जरूरत है कि हमारा भारत कैसा हो?

खैर फिर वही बात कि छत्रपति शिवाजी महाराज एक धर्मपरायण हिंदू शासक थे, लेकिन वे सभी धर्मों के प्रति सहिष्णु थे। उन्होंने अपने शासनकाल में धार्मिक सद्भाव बनाए रखा और किसी तरह की धार्मिक असहिष्णुता की अनुमति नहीं दी।उन्होंने अपने राज्य में सभी समुदायों के मंदिरों और पूजा स्थलों की रक्षा की। उन्होंने मुस्लिम पीरों, फकीरों को दान दिया और आर्थिक सहायता भी दी। उन्होंने अपनी सेना में मुसलमान सैनिकों को शामिल किया। उन्होंने हिंदू संस्कृति को बढ़ावा दिया और पारंपरिक हिंदू मूल्यों और शिक्षा पर बल दिया। उन्होंने अपने अभियानों का आरंभ अक्सर दशहरा के अवसर पर किया। उन्होंने अपने सैनिकों को महिलाओं और बच्चों का सम्मान करने और सैन्य अभियानों के दौरान धार्मिक स्थलों को नुकसान न पहुंचाने का आदेश दिया। उन्होंने विभिन्न धर्मों के लोगों को अपने दरबार में महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया। शिवाजी महाराज के शासनकाल की पहचान सामाजिक न्याय और समानता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता से थी। तो आज शिवाजी की धार्मिक नीति पर आधारित 21वीं सदी का भारत 'हिन्दू-मुस्लिम' जैसी सभी बहसों पर पूर्णविराम लगाने में सक्षम है। शिवाजी की धार्मिक नीति भारत के संविधान की भावनाओं पर खरी उतरती है। और भारत का संविधान औरंगजेबी मानसिकता की खिलाफत करता है। ऐसे में 21वीं सदी के भारत की जरूरत शिवाजी की हिन्दू राष्ट्र केंद्रित वही सोच है, जिसमें सभी का हित और सम्मान समाहित हैज्और आज शिवाजी की उसी सोच के भारत निर्माण की जरूरत हैज।

# भारत-अमेरिका मैत्री से विकास के नये रास्ते खुलेंगे

**-: ललित गर्ग :-**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल में सम्पन्न हुई अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं मील का पत्थर बनकर प्रस्तुत हुई है। यह निश्चित है कि मोदी के नेतृत्व में एक नई सभ्यता और एक नई संस्कृति गढ़ी जा रही है। व्हाइट हाउस में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बातचीत कई मायनों में सकारात्मक एवं परिणामकारी रही। उसमें किसी तरह की तल्खी नजर नहीं आई, बल्कि मोदी-ट्रंप की दोस्ती ही नये विश्वास एवं संकल्प के साथ उभर कर सामने आयी है। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। इस मुलाकात में यही नजर आया कि ट्रंप दोनों देशों के व्यापार संतुलन का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में करने को कटिबद्ध है। लेकिन मोदी ट्रंप की चतुराई को भी अपनी सादगी एवं सरलता से मात देते हुए भारत के हित में अनेक समझौते कर लिये हैं। यह तथ्य सर्वविदित है कि अमेरिका की नीतियां 'अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका' पर ही समाप्त हो जाती हैं। दूसरी बार सत्ता में आए ट्रंप ने जिस आक्रामक तरीके से कनाडा, मैक्सिको व चीन आदि पर टैरिफ लगाए हैं, वैसी आक्रामकता उन्होंने भारत के प्रति नहीं दिखायी। यह अमेरिका की भारत के प्रति एक विशेष दृष्टि मोदी के प्रभाव का ही परिणाम है। ट्रंप ने मोदी को अपनी तुलना में बेहतर सख्त वार्ताकार बताया। दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दुगुना करने तथा लाभप्रद व्यापार समझौते के लिये बातचीत करने का संकल्प भी जताया। भविष्य में व्यापार समझौता अमेरिका के पक्ष में न झुके, इसके लिये प्रधानमंत्री मोदी ने कूटनीतिक कौशल का इस्तेमाल किया। भारत को नया बनने के लिए, स्वर्णिम बनाने के लिए, अनूठा बनाने के लिए और उसे विश्व की एक बड़ी ताकत के रूप में उभारने के लिये मोदी के प्रयास अनूठे भी हैं और विलक्षण भी हैं। यहां उल्लेखनीय है कि मोदी-ट्रंप मुलाकात में रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बातचीत सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एक दस वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिसमें प्रमुख हथियारों और प्लेटफार्मों के सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना का मार्ग प्रशस्त किया गया। वहीं दूसरी ओर यदि भारत को अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की प्रस्तावित आपूर्ति परवान चढ़ती है तो पड़ोसी देशों की बेचैनी और बढ़ जाएगी और भारत की ओर देखने की उनकी हिम्मत नहीं होगी। मोदीजी का जादू एक बार फिर सिर चढ़कर बोला है। मोदी की इस यात्रा के पीछे इरादा केवल भावनात्मक रिश्तों की बुनियाद को मजबूत करना नहीं रहा है, बल्कि भारत के हक में अमेरिकी नीतियों को प्रभावित करने के लिए उनका सहयोग पाने की मंशा भी रहा है, जो सफल हुआ। संभव है इससे भारत और अमेरिका दोनों ही देशों में विकास के नये रास्तें खुलेंगे।

जयंती विशेषः

# हिंदवी स्वराज जनकः छत्रपति शिवाजी महाराज

**हेमेन्द्र क्षीरसागर**

हिंदवी स्वराज प्रणेताः श्रीमंत योगी छत्रपति शिवाजी महाराज निर्विवाद रूप से 1674-1680 तक भारत के सबसे महान राजाओं में से एक हैं। उनकी युद्ध प्रणालियाँ आज भी आधुनिक युग में अपनायीं जातीं हैं। उन्होंने अकेले दम पर मुग़ल सल्तनत को चुनौती दी थी। शाश्वत, माता जीजा बाई, पिता शाहजी भोंसले के पुत्र शिवाजी भोंसले का अवतरण 19 फरवरी, 1630 को पावन धरा शिवनेरी किला, पुणे जिला, महाराष्ट्र में हुआ था। जीवन साथी साई बाई, सोयारा बाई, पुतला बाई, सकवर बाई, लक्ष्मीबाई, काशीबाई। उनकी संभाजी, राजाराम, सखु बाई निम्बालकर, रणु बाई जाधव, अंबिका बाई महादिक और राजकुमार बाई शिर्के संतानें थी। अपनी बहादुरी, रणनीति और प्रशासनिक कौशल के लिए प्रसिद्ध, परम प्रतापी योद्धा शिवाजी महाराज ने 3 अप्रैल, 1680 को कैसे प्राण त्यागे असमंजस है।

## कुशल सेनापति

प्रेरक, शिवाजी भोंसले को पूना में उनकी माँ और काबिल ब्राह्मण दादाजी कोंडा-देव की देखरेख में पाला गया। जिन्होंने उन्हें एक विशेषज्ञ सैनिक और एक कुशल प्रशासक बनाया था। शिवाजी महाराज, गुरु रामदास से धार्मिक रूप से प्रभावित थे, जिन्होंने उन्हें अपनी मातृभूमि पर गर्व करना सिखाया था। 17वीं शताब्दी की शुरुआत में नए योद्धा वर्ग मराठों का उदय हुआ। जब पूना जिले के भोंसले परिवार को सैन्य के साथ-साथ अहमदनगर साम्राज्य का राजनीतिक लाभ मिला था। भोंसले ने अपनी सेनाओं में बड़ी संख्या में मराठा सरदारों और सैनिकों की भर्ती की थी जिसके कारण उनकी सेना में बहुत अच्छे लड़ाके सैनिक हो गये थे। शिवाजी एक न केवल एक कुशल सेनापति, एक कुशल रणनीतिकार और एक चतुर कूटनीतिज्ञ था बल्कि एक कट्टर देशभक्त भी थे। उन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए औरंगजेब जैसे बड़े मुग़ल शासक से भी दुश्मनी की थी।

## भारतीय नौसेना के पिता

प्रासंगिक, शिवाजी बहुत बुद्धिमान थे और उन्हे यह कतई मंजूर नहीं था की लोग जात पात के झगड़ों में उलझे रहे। वह किसी भी धर्म के खिलाफ नही थे। उनका नाम भगवान शिव के नाम से नही अपितु एक क्षेत्रीय देवता शिवाई से लिया गया है। उन्होंने एक शक्तिशाली नौसेना का निर्माण किया था। इसलिए उन्हें भारतीय नौसेना के पिता के रूप में जाना जाता है। अपने प्रारंभिक चरणों में ही उनको नौ सैनिक बल के महत्व का एहसास हो गया था। क्योंकि उन्हें यकीन था कि यह डच, पुर्तगाली और अंग्रेजों सहित विदेशी आक्रमणकारियों से स्वतंत्र रखेगा। समुद्री डाकुओं से कोंकण तट की भी रक्षा करेगा। यहाँ तक कि उन्होंने जयगढ़, विजयदुर्ग, सिन्धुदुर्ग और अन्य कई स्थानों पर नौसेना किलों का निर्माण किया।



## निः शुल्क राज्य की स्थापना

आदर, शिवाजी महिलाओं के सम्मान के कट्टर समर्थक थे। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ दृढ़ता से उन पर हुई हिंसा या उत्पीड़न का विरोध किया था। उन्होंने सैनिकों को सख्त निर्देश दिये थे कि छापा मारते वक्त किसी भी महिला को नुकसान नही पहुचना चाहिए। यहा तक कि अगर कोई भी सेना में महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन करते वक्त पकड़ा गया तो गंभीर रूप से उसे दंडित किया जाएगा। उनकी खासियत थी की वह अपने राज्य के लिए बादमें लड़ते थे पहले भारत के लिए लड़ते थे। उनका लक्ष्य था निः शुल्क राज्य की स्थापना करना और हमेशा से अपने सैनिकों को प्रेरित करना की वह भारत के लिए लड़े और विशेष रूप से किसी भी राजा के लिए नहीं। अतुलनीय, छत्रपति शिवाजी महाराज के विराट व्यक्तित्व, कृतित्व, अस्तित्व और उनके महान अवदान को भारत वर्ष कभी नहीं भूल पाएगा।

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत

स्तुत्य, %हिंदवी स्वराज% के जनक छत्रपति शिवाजी महाराज ने हमेशा भारत की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखा। आज %एक भारत-श्रेष्ठ भारत% की दृष्टि में शिवाजी महाराज के विचारों का ही प्रतिबिंब देखा जा सकता है। सैंकड़ों वर्षों की गुलामी ने देशवासियों से उनका आत्मविश्वास छीन लिया था। ऐसे समय में लोगों में आत्मविश्वास जगाना एक कठिन कार्य था। उस दौर में छत्रपति शिवाजी महाराज ने ना केवल आक्रमणकारियों का मुकाबला किया बल्कि जन मानस में यह विश्वास भी कायम किया कि स्वयं का राज संभव है। फलीभूत स्वाधीनता के अमृत काल में राष्ट्रीय एकता- अखंडता, सांस्कृतिक, उत्कर्ष को लेकर शिवाजी महाराज का जीवन चरित्र राष्ट्र निर्माण, पुनरुत्थान के लिए सदा-सर्वदा अनुकरणीय और कालजयी रहेगा। जय शिवाजी!

# अमेरिका अपने को वरिष्ठ मानता है

**राकेश दुबे**

वह सब तो औपचारिक ही था कि अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'व्हाइट हाउस' में प्रधानमंत्री मोदी का गदगद स्वागत किया। उन्हें 'महान नेता' कहा गया और ट्रंप ने अपनी किताब पर लिखा-'यू आर ग्रेट।' ट्रंप ने मोदी को बहुत याद भी किया। ट्रंप ने किसी अन्य वैश्विक नेता के संबंध में ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया, लेकिन दोनों की 'ग्यारह' वाली दोस्ती' के साथ-साथ वे अपने-अपने देश के सर्वोच्च नेता भी हैं, लिहाजा दोनों अपने-अपने देश को 'दोबारा महान' बनाने को भी प्रतिबद्ध हैं।

भारत-अमरीका दोनों ही विशाल और प्राचीन लोकतंत्र हैं, लेकिन यह भी यथार्थ है कि इस शिखर संवाद में अमरीका की ताकत वरिष्ठ देश की है और भारत जूनियर साझेदार देश के तौर पर रहा। अमरीका और भारत के बीच यही परंपरा और यही ताकत का असंतुलन रहा है, क्योंकि वह हमसे 8 गुना बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। आतंकवाद पर दोनों देश न्यूयॉर्क में 9/11 आतंकी हमले के बाद से साझा लड़ाई लड़ते रहे हैं। अमरीका ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के एक शैतानी साजिशकार तहव्वुर राणा को भारत को सौंपने का फैसला किया है। शायद अब आतंकवाद की कुछ बंद और रहस्यमयी कडियां खुल सकें। तहव्वुर 2009 से अमरीकी जेल में है। लंबे 16 साल के बाद अमरीका उसे हमें सौंप रहा है, लिहाजा यह सवालिया स्थिति है।

आतंकवाद पर वैश्विक नेता अपने सरोकार जताते रहे हैं और साझा लड़ाई के सार्वजनिक बयान भी देते रहे हैं, लेकिन यह हकीकत है कि आतंकवाद के खिलाफ प्रत्येक देश की अपनी ही लड़ाई है। उम्मीद है कि हमारी अदालत तहव्वुर के आतंकवाद पर फैसला लेकर उसे फांसी तक भी पहुंचा सकेगी। बहरहाल टैरिफ या सीमा-शुल्क के मुद्दे पर राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी नीति साफ कर दी है। वह सभी देशों के संदर्भ में है। दोनों शासनाध्यक्षों ने भारत-अमरीका के बीच टैरिफ पर कुछ भी स्पष्ट नहीं किया है। साल के अंत में कोई व्यापार-समझौता हो सकता है, यह घोषणा जरूर की है। अमरीकी राष्ट्रपति ने अत्याधुनिक एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान भारत को देने की पेशकश इसी मंशा से की है। अमरीका ने यह विमान नाटो देशों को जरूर बेचा है। उनके बाहर भारत पहला देश होगा। बेशक यह 5वीं पीढ़ी का इकलौता लड़ाकू विमान है। फिलहाल पेशकश, प्रस्ताव तक ही मामला सीमित है, क्योंकि भारत को अपनी सैन्य जरूरतों को भी ध्यान में रखना होगा। भारत के पास राफेल लड़ाकू विमान की पर्याप्त शक्ति है, जो 4-5 पीढ़ी का विमान है। राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी ने अवैध भारतीय प्रवासियों पर भी बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने माना कि अवैध प्रवासियों को किसी अन्य देश में रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है, लिहाजा उन्होंने ऐसे भारतीयों को वापस लेने पर अपनी स्वीकृति दे दी, लेकिन मोदी ने ट्रंप से आग्रह किया कि यह लंबी लड़ाई है। मानव तस्करी के जालसाजों पर संयुक्त रूप से कार्रवाई करनी होगी।

# महाकुंभ : आयोजन का श्रेय बनाम कुप्रबंधन की



**निर्मल रानी**

भारतवर्ष में आयोजित होने वाले सबसे विशाल एवं विराट धार्मिक समागम को कुंभ मेला के नाम से जाना जाता है। यह आयोजन प्रयाग व हरिद्वार में पवित्र गंगा नदी के तट पर, उज्जैन में शिप्रा नदी तथा नासिक में गोदावरी नदी के किनारे किया जाता है। देश दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालु इन पवित्र नदियों में पौष पूर्णिमा व मकर संक्रान्ति जैसे पावन अवसरों पर स्नान करते हैं। यदि हम आयोजन स्थल की बात करें तो वार्षिक माघ मेला हो या 6 वर्षों के अंतराल में पड़ने वाले अर्ध कुंभ या फिर 12 वर्षों के अंतराल में आयोजित होने वाले पूर्ण कुंभ,सभी आयोजनों के लिये सबसे उपयुक्त, खुला व विशाल स्थान प्रयागराज ही है। यहाँ गंगा-यमुना तथा संगम के दोनों किनारों पर कई किलोमीटर लंबे खुले स्थान हैं जहाँ लाखों श्रद्धालु एक ही समय में सुगमता पूर्वक रुक सकते हैं स्नान कर सकते हैं। परन्तु इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को %महाकुंभ% के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया गया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला महाकुंभ है। हालांकि इस दावे पर उँगलियाँ उठ रही हैं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जैसे संत 144 वर्ष बाद के दावे पर यह कहते हुये सवाल उठा रहे हैं कि इससे पहले 2013 व 2001 के कुंभ को भी 144 वर्ष बाद पड़ने वाला महाकुंभ बताया गया था।

इसके अतिरिक्त इस बार का आयोजन जहाँ श्रद्धालुओं का करोड़ों की संख्या में मेले में आवागमन, विदेशी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में शिरकत , विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति,आधुनिकता,उच्चस्तरीय हाई टेक ठहरने की व्यवस्था जैसी अनेक बातों को लेकर चर्चा में रहा वहीं पहली बार यह देखा गया कि स्वयं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री सहित देश के तमाम विशिष्ट जनों को महाकुंभ में आने का न्योता दिया गया। हालाँकि मुख्यमंत्री द्वारा व्यक्तिगत तौर पर लोगों को निमंत्रण देने की कई जगह आलोचना भी हुई। कुछ लोगों का कहना था कि यह धार्मिक आयोजन है इस पर सभी का अधिकार है इसलिये आयोजक के रूप में न्योता देने का कोई अर्थ नहीं है। परन्तु राजनीति के वर्तमान दौर में जबकि बिना कुछ किये ही राजनेता श्रेय लेने को आतुर रहते हैं ऐसे में इतने बड़े आयोजन की भव्यता दिव्यता व सफलता का श्रेय डबल इंजन की सरकारें न लें यह आख़िर कैसे हो सकता है।

इस महाकुंभ के व्यापक प्रचार प्रसार की ग़रज़ से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात% के 117वें एपिसोड में %महाकुंभ-2025 की विस्तृत चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री ने %मन की बात% में बताया था कि किस तरह संगम तट पर मेले की ज़ोरदार तैयारियां चल रही हैं । साथ ही उन्होंने मेले से पूर्व हेलीकाप्टर से पूरा कुम्भ क्षेत्र देखने के अनुभव को साँझा करते हुये कहा कि- %इतना विशाल, इतना सुन्दर, इतनी भव्यता।



मोदी ने कहा कि अगर कम शब्दों में कहें तो %महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश% और दूसरे तरीक़े से कहूंगा %गंगा की अविरल धारा, न बंटे समाज हमारा%। और इसी अपील के साथ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल अपने देश बल्कि पूरे विश्व के श्रद्धालुओं को भी महाकुंभ में आमंत्रित किया। स्वयं मुख्यमंत्री योगी ने दिसंबर माह में 4 बार महाकुंभ का निरीक्षण किया। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि 2019 में आयोजित हुये कुंभ मेले की तुलना में इस बार पूरे महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगभग प्रत्येक जनोपयोगी सुविधाओं में व्यापक विस्तार किया गया। ज़ाहिर है भारतीय मीडिया भी काफ़ी पहले से महाकुंभ आयोजन का दिन रात प्रचार कर रहा था। सरकार द्वारा टी वी,समाचारपत्र-पत्रकाओं सहित लगभग सभी प्रचार माध्यमों में सैकड़ों करोड़ के विज्ञापन दिए गये थे। हद तो यह है कि बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री सरीखे नाममात्र प्रवचन कर्ताओं द्वारा यह तक कह दिया गया था कि इस महाकुंभ में स्नान न करने वाला देशद्रोही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये सरकार द्वारा हज़ारों की संख्या में विशेष रेलगाड़ियां,बसें,विमान आदि भी चलाये गये। इस तरह के व्यापक प्रचार प्रसार तथा धार्मिक आस्था के घालमेल में करोड़ों लोगों का प्रयागराज में इकठ्ठा होना तो स्वभाविक था ही।

परन्तु दुर्भाग्यवश इतना विशाल आयोजन प्रयागराज से लेकर दिल्ली तक कुप्रबंधन का शिकार रहा। मेला क्षेत्र में 30 दिन के अंदर अलग अलग क्षेत्रों में पांच बार तो आगज़नी की घटनायें घटीं। जबकि पूरे मेला क्षेत्र में 350 से ज़्यादा फ़ायर ब्रिगेड, 2000 से अधिक प्रशिक्षित अग्निशामक , 50 अग्निशमन केंद्र और 20 फ़ायर पोस्ट बनाए गए थे साथ ही अखाड़ों और टेंट में अग्नि सुरक्षा उपकरण भी लगाए गए थे। उसके बावजूद यह हादसे पेश आये ? इसी तरह कुंभ मेला क्षेत्र में अनेक बार भगदड़ मची। जिसमें दर्जनों लोग अपनी जान से हाथ धो बैठे। अभी भी कई लोगों को अपने खोये परिजनों की तलाश है। पूरा शहर कई दिनों तक जाम की चपेट में रहा। यहाँ तक कि वी आई पी पास निरस्त करने पड़े और प्रयागराज को %नो वेहिकिल ज़ोन% तक घोषित करना पड़ा। और आख़िरकार श्रद्धालुओं के इस सैलाब ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी भगदड़ का रूप ले लिया। यहाँ भी 14 महिलाओं व 4 पुरुषों की मौत हो गयी। महाकुंभ में न आने वालों को देशद्रोही बताने वाले बागेश्वर के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने भगदड़ में मरने वालों को लेकर यह विवादित बयान दे दिया कि -%जो कोई गंगा किनारे मरेगा वह मरेगा नहीं बल्कि मोक्ष प्राप्त करेगा%। इसतरह सरकार को खुश करने के लिये अनेक साधु संतों द्वारा तरह तरह की भ्रामक बातें की गयीं जबकि इन हादसों के लिये सरकार के कुप्रबंधन को ज़िम्मेदार ठहराने वालों को सनातन विरोधी,हिन्दू विरोधी,कांग्रेसी,नकारात्मक सोच रखने वाला कहा जाने लगा। हद तो यह है कि भगदड़ पर सवाल उठाने वाले शंकराचार्य के विरोध में तो सारा संत समाज ही इकठ्ठा हो गया ? शंकराचार्य ने भगदड़ में मृतकों के प्रति हमदर्दी व सरकार की लापरवाही पर ऊँगली क्या उठा दी कि उनके पद को ही चुनौती दी जाने लगी ?

ऐसे में यह सवाल उठना तो लाज़िमी है कि जब राज्य से लेकर केंद्र सरकार के मुखिया तक महाकुंभ के आयोजन की चर्चा कर रहे हों,लोगों को स्वयं व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित कर रहे हों। %144 वर्ष बाद हो रहे आयोजन का% अप्रमाणित हौव्वा खड़ा किया गया हो,अतिथियों के लिये प्रोटोकाल के अनुसार मंत्री स्तर के लोग उन्हें स्नान कराने के लिये तैनात हों,टी वी अख़बार महाकुंभ के गुणगान व प्रचार से पटे पड़े हों, ऐसे में भारत जैसे विशाल एवं धर्म प्रधान देश में करोड़ों लोगों का पहुंचना तो स्वभाविक ही था। इसमें भी कोई शक नहीं कि इसबार का आयोजन पिछले कुंभ आयोजन की तुलना में अधिक भव्य रहा। परन्तु सवाल यह भी है कि कि चाहे वह सरकार हो या राजनेता,जो भी इस महाआयोजन का श्रेय लेगा निश्चित रूप से इस मेले में हुये कुप्रबंधन तथा असामयिक मौतों की ज़िम्मेदारी भी उसी को लेनी पड़ेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## सेंट्रल मजदूर संघ में अनेकों कार्यकर्ता हुए शामिल



**सांध्य प्रकाश,इटारसी ।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ की रेल मजदूर हितैषी नीतियों और महामंत्री अशोक शर्मा मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे के कुशल नेतृत्व को देखते हुए डीजल शेड शाखा के अध्यक्ष महाकालेश्वर कश्यप सचिव राजेश यादव के कर्मचारी से प्रभावित होकर स्थानीय डीजल शेड के युवा नेता उमेश निगम ,दुष्यंत गौर के साथ सैकड़ो युवाओं ने मंगलवार को डीजल शेड में लाल झंडा को छोड़कर वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ का दामन थामा ,साथ ही तिरंगे झंडे को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इटारसी रेलवे यूनियन के शीर्ष नेतृत्व के भागीरथ मीणा, संजय केचे ,कुंदन अगलगे के मार्गदर्शन में डीजल शाखा के अध्यक्ष महाकालेश्वर कश्यप ,मुख्य शाखा अध्यक्ष प्रीतम तिवारी एवं मुख्यालय कार्यकारिणी सदस्य राजेश गौर की उपस्थिति में मजदूर संघ में शामिल होने के लिए लिखित एक सहमति पत्र सौपा। डीजल शाखा के सभी पदाधिकारी श्याम निर्मल, राहुल विशंभर ,पंकज ,रविकांत ,संजय ज्ञान ,कैलाश ,प्रशांत ,जितेंद्र वैभव, सुनील ,सुभाष ,महेंद्र पुलकित, मनीष ,अमित ,चंद्र प्रकाश ,नितिन, राजेश ,लोकेश एवं समस्त डीजल शेड के तिरंगे के युवा साथियों ने आभार व्यक्त किया एवं भविष्य में एक साथ मिलकर लाल झंडे को समाप्ति के लिए वचन दिया । सभी साथियों ने वेस्ट सेंट्रल रेलवे संघ में शामिल होने पर बधाई प्रेषित की उक्त जानकारी मुख्य शाखा के अध्यक्ष प्रीतम तिवारी द्वारा दी गई ।

## औबेदुल्लागंज ढाबा संघ ने बैठक रखी, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें

**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)-** मंगलवार को औबेदुल्लागंज ढाबा संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू ने ढाबा संघ की मीटिंग रखी मीटिंग



में औबेदुल्लागंज क्षेत्र के सभी ढाबा मलिक उपस्थित रहे मीटिंग में सभी ढाबा मालिकों को बताया गया की सभी अपने-अपने ढाबों के फूड लाइसेंस और जरूरी दस्तावेज बना कर रखें एवं कर्मचारियों को साफ सफाई एवं ड्रेस कोड में रखें ढाबों की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें कर्मचारियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण भी करवाते रहे मीटिंग में नरेंद्र सिंह गिल, संजय सिंह चौहान, दीपक परमार,संजय यादव, कमल यादव,निक्की राजपूत , ओमप्रकाश, कल्याण सिंह चौहान, लक्कीवीर सिंह, शरद यादव, मंगलेश यादव, शीतल सिंह, पवन मालवीय आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री ने वरिष्ठ नेता श्री चंदन लाल चन्द्रोल के निधन पर जताया शोक

**मंडला/अजीत पटेल--**भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने मंडला जिले के बम्हनी बंजर निवासी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता 93 वर्षीय श्री चंदन लाल चन्द्रोल जी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री



सांसद श्री कुलस्ते एवं जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने बम्हनी बंजर स्थित उनके निवास पहुंचकर उनके अंतिम दर्शन किए तथा पार्टी का ध्वज उढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।स्व.चन्द्रोल का अंतिम संस्कार बम्हनी बंजर स्थित मुक्तिधाम में मुखाग्नि उनके सुपुत्र नर्मदा चन्द्रोल ने दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि श्री चन्द्रोल का निधन संगठन के लिए अपूर्णीय क्षति है।वो संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता होने के साथ ही मीसाबंदी भी थे।उनका मार्गदर्शन एवं सहयोग पार्टी को समय-समय पर मिलता रहा है।श्री शर्मा ने परमपिता परमेश्वर से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने एवं अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की है।

## राज्य अल्पसंख्यक आयोग जैसी महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था का अति शीघ्र गठन किया जाए



**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद के सदस्यों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम सोमवार को एक ज्ञापन सौंपा है।मुस्लिम विकास परिषद के जिला अध्यक्ष मोहम्मद अथर खान ने बताया कि भारत की कुल जनसंख्या में मुस्लिम,सिख क्रिश्चियन, पारसी,बौद्ध और जैन,समुदाय अल्पसंख्यक श्रेणी में आते हैं ,और संविधान में इनकी धार्मिक,सांस्कृतिक, दिनचर्या,इत्यादि के लिए विशेष अधिकार दिए गए है। इस संदर्भ में भारत सरकार ने अलग-अलग राज्यों में अल्प संख्यक आयोग का गठन किया हुआ है,और यह एक संवैधानिक दर्जा प्राप्त संस्था है, जिसके जिम्मे अल्पसंख्यक समुदाय के उत्थान के लिए बेहतर योजनाओं की शासन से न सिर्फ सिफारिश करना बल्कि समुदाय की विभिन्न शिकायतों पर आवश्यक कार्रवाई करना भी शामिल है। साथ ही साथ समुदाय के आपसी मामलों को लेकर मजिस्ट्रियल सुनवाई का प्रावधान है,श्री खान ने बताया कि मध्य प्रदेश में राज्य अल्पसंख्यक आयोग है लेकिन विगत 6 वर्षों से इतनी महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था पद विहीन है। ज्ञात हो कि यह संस्था पिछले कई वर्षों से अध्यक्ष पद खाली चली अ रही है,क्योंकि वर्ष 2019 में नियाज मोहम्मद आयोग के अंतिम अध्यक्ष थे। ऐसा लगता है कि वर्तमान सरकार को अल्पसंख्यक समुदाय की मूलभूत समस्याओं में कोई दिलचस्पी नहीं है ,यही कारण है कि आयोग का गठन सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है और आयोग के अस्तित्व को ही मिटाने की ओर दिखाई देता है। जिसका उदाहरण यह है

# भीमपुर काबरा पंचायत ग्राम घोड़ापडमाल में जल जीवन मिशन का काम अधूरा

### पेयजल की बिगड़ी व्यवस्था से ग्रामीण परेशान ..कलेक्टर से मांग

**दैनिक सांध्य प्रकाश बैतूल।** जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल के साथ शुद्ध पेयजल की व्यवस्था पुख्ता नहीं हुई। भीमपुर विकासखंड ग्राम पंचायत काबरा घोड़पाडमाल मे स्थिति बिगड़ी हुई हैं। यहां जल जीवन मिशन के तहत कार्य कर रहे ठेकेदार पर लापरवाही के आरोप लग रहे है। कि करीब हजार ग्रामीणों को योजना के तहत पेयजल नही मिल रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों को करीब एक किलो मीटर दूर से पानी लाना पड़ता हैं। ग्रामीणों ने बताया कि योजना के तहत ग्राम में पाइप लाइन भी बिछा के टंकी निर्माण भी कर दिया गया हैं। लेकिन ठेकेदार ने मोटर नहीं डाली वहिं विद्युती करण का काम भी अधूरा है। इस वजह से घरों तक पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही। ग्राम के शंकर धुर्वे अलकेश सेलुकर ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व चालू किये गए कार्य योजना से ग्रमीण असन्तुष्ट है। मोटर की व्यवस्था को लेकर ग्रामीण पी एच ई विभाग अफसरो एवं ठेकेदार के चक्कर काट रहे है। लेकिन उनकी मांग को अनसुना कर रहे है । जानकारी अनुसार करीब 3 करोड़ की योजना से यह काम छह माह मे पूरा कर दिया जाना चाहिए था । लेकिन 3 वर्ष से अधिक समय पर भी योजना का कार्य अधूरा पढ़ा है। अब ग्रामीण पी एच ई विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत होने की बात कह रहे है। जिला कलेक्टर से जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य को पूरा करवाने की ग्रामीणों ने मांग करी है।



## नपा अध्यक्ष चौरे ने किया निमार्णाधीन नाले का निरीक्षण



**सांध्य प्रकाश, इटारसी।** नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के घर में छोटी बहन के विवाह के बावजूद वह विकास कार्यों के लिए सक्रिय है। मंगलवार को दोपहर उन्होंने नगरपालिका अमले के साथ न्यास कॉलोनी से चिकमंगलूर चौराहे तक बन रहे डेढ करोड रुपये की लागत से नाला निर्माण का निरीक्षण किया। साथ ही नगरपालिका परिषद का 27 फरवरी को होने वाले परिषद के साधाराण व्यापक सम्मेलन की तैयारी करते हुए एजेंडा भी जारी किया। नपा सम्मेलन में 19 मुददों पर चर्चा की जायेगी जिसमें एक बड़ा मुद्दा शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त शहर बनाने व पुर्नवास पर होगी । अध्यक्ष चौरे ने बताया कि कुल 19 विषयों पर परिषद में चर्चा होगी। जिसमें मुख्?य रुप से शहर को भिक्षावृत्ति से शहर को मुक्त बनाने व भिक्षुकों के पुर्नवास व उत्थान पर के विषय पर मंथन होगा। इसके अलावा 23 अप्रैल गौरव दिवस के अवसर पर 1 माह इटारसी में इटारसी उत्सव मेला लगाने, हॉर्डिग्स किराया के लिए टेंडर निकालने सहित नगरपालिका स्वामित्व की दुकानों की किराया वृद्धि सहित अन्य विषय रखे गए हैं। एमजीएम कॉलेज के पास अभी नाला निर्माण के लिए कार्य चल रहा है। यहां पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने एई मीनाक्षी चौधरी, उपयंत्री आदित्य पांडे, कांटेक्टर प्रशांत अग्रवाल के साथ निरीक्षण कर कार्य की प्रगति देखी। उल्लेखनीय है कि नाला निर्माण चिकमंगलूर चौराहे तक होगा और करीब 1.5 करोड रुपये से बन रहा है।

## किसानो को शून्य प्रतिशत योजना का लाभ मिले इस हेतु कालातीत ऋण की अधिकाधिक करें वसूली : धनवाल

**खरगोन।** प्रधान कार्यालय सभा कक्ष मे शाखा प्रबंधको की मासिक समीक्षा बैठक में अल्पकालिन फसल ऋण की वसूली के संबंध में वन-टू-वन चर्चा की गई। चर्चा में कृषि ऋणों की वसूली कम होने से अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रबंध संचालक पीएस धनवाल द्वारा शाखा प्रबंधको को लक्ष्य अनुरूप वसूली करने हेतु निर्देषित किया गया। प्रबंधक संचालक द्वारा हिदायत देते हुए सख्त निर्देष दिये गये कि कालातीत ऋणो की अधिकाधिक वूसली की जावे ताकि जो किसान कालातीत ऋण उनकी ओर बकाया होने के कारण शासन की शून्य प्रतिषत ब्याज पर कृषि ऋण प्रदाय योजना से वंचित रह गये है, उन्हे मुख्य धारा में लाकर मध्य प्रदेष शासन की शून्य प्रतिषत ब्याज पर कृषि ऋण प्रदाय योजना का लाभ दिलाया जा सके। उल्लेखनिय है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, खरगोन में कुल चार लाख छत्तीस हजार किसान है जिनको वर्ष में म.प्र. शासन की शून्य प्रतिषत ब्याज योजना अंतर्गत राषि रू तीन हजार आठ सौ करोड से अधिक का अल्पकालीन ऋण वितरण किया जाता है किन्तु 42,922 कालातीत



किसान ऐसे है, जिनकी ओर राषि रू. 689.77 करोड कालातीत ऋण बकाया होने के कारण शून्य प्रतिषत ब्याज पर ऋण उपलब्ध नही कराया जा पा रहा है। प्रबंध संचालक के द्वारा ऐसे किसानों को समझाइष देते हुए ऋणों की वसूली करने के निर्देष दिए गए है। उनके द्वारा यह भी निर्देष दिए गए है कि जो किसान जानबूझकर उनकी ओर बकाया कालातीत ऋण जमा नही कर रहे है उनसे म.प्र. सहकारी अधिनियम 1960 की धाराओं के अंतर्गत विधिकरूप से वसूली की जावें, इसका डोंडी पिटवाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जावें, सर्वाधिक बडे कालातीत बकायादारों की सूची सार्वजनिक स्थानों एवं

# बागेश्वर धाम में कलशयात्रा के साथ शुरू हुआ बुंदेलखंड का महाकुंभ

**छतरपुर.** बागेश्वर धाम में कलश यात्रा के साथ आज से आठ दिवसीय विशाल महा महोत्सव शुरू हुआ। कलश यात्रा के बाद नो कुंडी श्री अन्नपूर्णा महायज्ञ होगा 19 से 25 फरवरी तक अन्नपूर्णा महायज्ञ का कार्यक्रम है और 26 फरवरी को विशाल कन्या विवाह महोत्सव है, जिसमें 251 बेटियों को पारिग्रहण कराया जाएगा।

बनारस के यज्ञ आचार्य पंडित राजा पांडे ने बताया कि बागेश्वर धाम में श्री अन्नपूर्णा महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। नौ कुंडीय इस महायज्ञ के माध्यम से बागेश्वर धाम में अनवरत भंडारा चलने के लिए मां अन्नपूर्णा से प्रार्थना की जाएगी। बुंदेलखंड ही नहीं मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी अन्नपूर्णा रसोई के रूप में बागेश्वर धाम की अन्नपूर्णा का नाम हो गया है आधुनिक तकनीक से सुसज्जित इस अन्नपूर्णा के माध्यम से लाखों लोगों को प्रसादी मिल रही है। बागेश्वर धाम के महाकुंभ में जहां एक और नौ कुंडीय श्री अन्नपूर्णा यज्ञ होगा। वहीं 23 फरवरी को कैंसर



अस्पताल का भूमि पूजन किया जाएगा, साथ ही 26 फरवरी को 108 आदिवासी कन्याओं सहित 251 बेटियों को परिणय सूत्र में बांधा जाएगा। यज्ञ की जिम्मेदारी संभाले धीरू महाराज ने बताया कि पूरी तैयारी कर ली गई है प्रायश्चित एवं जल यात्रा के साथ यह अनुष्ठान बुधवार से शुरू हो रहा है।

## 'नक्शा'' पायलट कार्यक्रम से शहरी नियोजन को मिलेगा बढ़ावा, भूमि संबंधी विवादों में आएगी कमी

### मुख्यमंत्री डॉ यादव तथा केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने ड्रोन उड़ाकर किया शहरी भूमि सर्वेक्षण कार्यक्रम 'नक्शा' का शुभारंभ



**औबेदुल्लागंज( संवाददाता )-** मंगलवार को रायसेन की इस धरती से राष्ट्रीय स्तर पर शहरी बस्तियों के भूमि सर्वेक्षण (नक्शा) नामक एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया गया है। सरकार की यह पहल शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को सशक्त बनाएगी, जीवन को आसान बनाएगी, शहरी नियोजन को बढ़ाएगी और भूमि संबंधी विवादों को कम करेगी। यह विचार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रायसेन स्थित दशहरा मैदान में आयोजित शहरी भूमि सर्वेक्षण ''नक्शा'' पायलट कार्यक्रम का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दशहरा मैदान में ड्रोन उड़ाकर सिटी सर्वेक्षण प्रोग्राम का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि भूमि सबसे मूल्यवान सम्पत्ति होती है, इसलिए सुरक्षा और वित्तीय स्थिरता के लिए सटीक और पारदर्शी रिकार्ड होना जरूरी है। इस नक्शा कार्यक्रम से शहरी क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से सर्वे कराकर भूमि अभिलेखों का निर्माण और आधुनिकीकरण किया जाएगा। जिससे कि भूमि स्वामित्व की पारदर्शिता, दक्षता सुनिश्चित होगी।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री जनकल्याण और विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने केन-बेतवा लिंक परियोजना शुरू की है। हर भूखण्ड को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की दिशा में प्रमुखता से काम किया जा रहा है। किसान भाईयों को पर्याप्त सिंचाई के लिए पानी मिलने से उत्पादकता में वृद्धि होती है, हमारे किसान भाईयों की आय बढ़ रही है। इस वर्ष 2600 रू क्विंटल के मान से किसान भाईयों से गेहूँ उपार्जित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अनेक सुविधाएं दी जा रही हैं। नवीन कारखाने स्थापित हों, युवाओं को रोजगार मिले यह काम हमारी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दूध उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। दस से अधिक गाय का पालन करने वाले गौपालकों को सरकार द्वारा अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा हमारी माताओं-बहनों को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उनको आत्मनिर्भर बनाने का काम सरकार कर रही है। हमारा मध्यप्रदेश हरित प्रदेश है। वर्ष 2003-04 के बाद प्रदेश में लगातार सिंचाई रकबे में वृद्धि होने से कृषि उत्पादकता में वृद्ध हुई है। वर्ष 2003 के पहले जहां प्रदेश में सात लाख हैक्टेयर सिंचित क्षेत्र था, वहीं आज प्रदेश में लगभग 45 लाख हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र सिंचित हैं।

केन्द्रीय कृषि मंत्री और क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज यहां जो कार्यक्रम हो रहा है यह केवल रायसेन और प्रदेश का कार्यक्रम नहीं है। यह पूरे देश का कार्यक्रम है। आज रायसेन से पूरे भारत में 26 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरी स्थानीय निकायों में शहरी भूमि सर्वेक्षण ''नक्शा'' पायलट कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से कहा कि शहरी क्षेत्रों में ड्रोन से सर्वे होगा और नक्शा बनाकर भूमि स्वामी को दिया जाएगा। नक्शा नहीं होने से कई परेशानियां होती हैं। अब नागरिकों के पास उनकी जमीन का व्यवस्थित रिकार्ड होगा, यह एक क्रांति है जो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई है।

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि आज पूरे मध्यप्रदेश में वॉटरशेड शुरू कर रहे हैं। जल जीवन का आधार है और जल, जमीन से ही हमारी जिंदगी है। लेकिन आज भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। जो कुएं जो कभी 30 फिट, 50 फिट पर पानी रहता था आज 100 फिट से नीचे चला गया है। इस पानी को रोकने के लिए यह वाटरशेड योजना शुरू की है। जिसमें खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में रोकने के लिए चेक डेम, स्टॉप डेम, बोरी बंधान सहित कई जल संरचनाएं बनेंगी, जिसके लिए आठ हजार करोड़ रू का प्रावधान किया गया है। जो पंचायत अच्छा काम करेंगी उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के लिए जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस परियोजना से रायसेन, विदिशा सहित अन्य जिलों को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यकता होगी वहां जल संरचनाएं बनाकर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

## विद्यार्थियों का शतप्रतिशत नेत्र परीक्षण कराएं-सीईओ जिला पंचायत

### नेत्रज्योति एवं निःक्षय अभियान के प्रगति की समीक्षा बैठक में



**मंडला--**सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने जिले में संचालित नेत्रज्योति एवं निःक्षय अभियान के प्रगति की विकासखंडवार विस्तार से समीक्षा की।उन्होंने कहा कि नेत्र ज्योति अभियान के तहत छूटे हुए प्रत्येक छात्र-छात्राओं के नेत्र की जांच कराएं।सभी एसडीएम अभियान की मॉनिटरिंग करते हुए शतप्रतिशत छात्र-छात्राओं का परीक्षण कराना सुनिश्चित करें।सीईओ जिला पंचायत श्री कूमट ने कहा कि आगामी सत्र के पहले नेत्र ज्योति अभियान के तहत चिन्हित किए गए छात्र-छात्राओं को चश्मे का वितरण कराएं।उम्र के हिसाब से छूटे हुए लोगों को चिहिन्त करते हुए कैम्प पुनःआयोजित करें।बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.सी. सरौते सहित संबंधित उपस्थित थे।

100 दिवसीय निःक्षय अभियान के प्रगति की समीक्षा के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कूमट ने एक्स-रे की प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए शतप्रतिशत लोगों का एक्स-रे सुनिश्चित कर ऑनलाईन एंट्री करें। अभियान के अंतर्गत नोटिफिकेशन की चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करें।स्क्रीनिंग की गति बढ़ाएं,रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करें।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में 121 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**छतरपुर।** मंगलवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी, आयुष जैन एवं कौशल सिंह, एसडीएम अखिल राठौर एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे। और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त 121 आवेदनों के निराकरण में गंभीरता बरतें और प्राथमिकता से निराकरण करें। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया।

## अतिथि शिक्षकों की सेवाएं 30 अप्रैल तक,लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आदेश जारी




**भोपाल।** शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था के लिए लगाए गए अतिथि शिक्षकों की सेवाएं आगामी 30 अप्रैल तक ही ली जा सकेगी। इस संबंध में राज्य के लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त संकुल प्राचार्य मध्यप्रदेश, समस्त शाला प्रभारी (शासकीय विद्यालय) को पत्र लिखते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।पत्र में लिखा गया है कि शासकीय विद्यालयों मे शैक्षणिक व्यवस्था हेतु रिक्त पदों के विरूद्ध सत्र 2024-25 में विद्यालयों मे अतिथि शिक्षकों को आमंत्रित करने के निर्देश दिये गये थे। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में रिक्त पदों के विरूद्ध आमंत्रित अतिथि शिक्षकों की सेवायें विद्यालय मे रिक्त पद होने की स्थिति में 30 अप्रैल 2025 तक ली जा सकेगी। उक्त निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### अवैध कॉलोनियों पर होगी सख्त कार्यवाही

## ग्रामीण और शहरी कॉलोनियों से आश्रय शुल्क लिया जाए विधायक

**बैतूल ।** विधायक हेमंत खंडेलवाल और कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की उपस्थिति में अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण के सम्बंध में विस्तार से समीक्षा की गई। बताया गया कि वर्ष 2016 तक की चिन्हित जिले की 271 अवैध कॉलोनियों का नियमतिकरण किया जा रहा हैं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने इन कॉलोनियों की खाली भूमि को कुर्क करने के निर्देश नगरपालिका को दिए। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों के घरों का सर्वे कर कॉलोनी के विकास राशि के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाएं। उन्होंने बैतूल नगर स्थित सभी 93 कॉलोनियों में यथा शीघ्र सर्वे करने के निर्देश दिए। विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि जिले में कोई भी नवीन अवैध कॉलोनी न कटें इसका विशेष ध्यान रखें। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की कॉलोनियों से आश्रय शुल्क भी वसूला जाए । कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने निर्देश दिए कि वर्ष 2022 के बाद कटी अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। अवैध कॉलोनियों के विकास के लिए संबंधित सीएमओ और तहसीलदार व्यक्तिगत जिम्मेदार होंगे। उन्होंने जिला पंजीयक को निर्देशित किया कि अवैध कॉलोनियों के प्लाटों की रजिस्ट्री न यह सुनिश्चित करें। वर्ष 2022 के बाद किसी भी अवैध कॉलोनी के विकास सहित किसी भी प्रकार की अनुमति भी नहीं दी जाएं। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विस्तर से समीक्षा की गई। बताया कि जिला अस्पताल स्थित 80 लाख से निर्मित धर्मशाला का सुव्यवस्थित संचालन किया जाएगा। 10 लाख की राशि से धर्मशाला में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। तथा हीरामन जैन स्मृति धर्मशाला होगा। जिला अस्पताल के समीप अतिक्रमण हटाने और जर्जर भवनों के डिस्मेंटल की कार्यवाही की जाएगी। विधायक श्री खंडेलवाल और कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सिविल सर्जन जिला अस्पताल को दिशा निर्देश दिये है।



# एवीजी ने 9एम एफवाय25 में 56 प्रतिशत पीबीटी वृद्धि की शानदार उपलब्धि दर्ज की

**मुंबई, एजेंसी।** एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड , एक प्रमुख मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशन्स प्रदाता, ने क्यू3 और 9एम एफवाय25 के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। आर्थिक प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, श्री संजय गुप्ता, प्रबंध निदेशक और सीईओ, बवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने कहा, हमें क्यू3 एफवाय25 की मजबूत प्रदर्शन रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है, जो हमारे संचालनात्मक दक्षता और सतत विकास पर रणनीतिक ध्यान को दर्शाता है। राजस्व और लाभ में निरंतर सुधार हमारे स्टेकहोल्डर्स को मूल्य प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इसके अतिरिक्त, भारत की प्रमुख सिमेंट कंपनियों में से एक से एक प्रतिष्ठित ऑर्डर प्राप्त करना हमारे उद्योग विशेषज्ञता और बाजार विश्वास का प्रमाण है। यह अनुबंध, जो अगले तीन वर्षों में लगभग 90 करोड़ का योगदान करने की उम्मीद है, हमारी राजस्व दृश्यता और वृद्धि की दिशा को और मजबूत करता है। भारतीय सरकार के हालिया बजट ने लॉजिस्टिक्स और परिवहन उद्योग को और मजबूत किया है, जिसमें बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसमें सड़क विस्तार, समर्पित मालवाहन गलियारे और बेहतर कनेक्टिविटी शामिल है। ये पहलें लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने, कार्यक्षमता को बढ़ाने और भारत को एक वैश्विक लॉजिस्टिक्स शक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए निर्धारित हैं।

## पीआईजीएल का समेकित एफवाय25 शुद्ध लाभ 278 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़ा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड (एनएसई - पीआईजीएल, बीएसई - 543912), जो विद्युत अनुबंध और उपकरण उद्योग में अग्रणी कंपनियों में से एक है, ने अपने 9 महीनों और तीसरी तिमाही एफवाय25 के अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है।टिप्पणी करते हुए, पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री पद्मराज पद्मनाभन पिल्लई ने कहा, हम एफवाय25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन की रिपोर्ट करते हुए प्रसन्न हैं, जिसमें राजस्व में 120 प्रतिशत की वृद्धि और शुद्ध लाभ में 278 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह मजबूत विकास पथ हमारे नए ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है। विशेष रूप से, एफवाय25 के पहले नौ महीनों में ही हमने एफवाय24 के राजस्व को पार कर लिया है।इसके अतिरिक्त, हम सोलर ईपीसी क्षेत्र में प्रवेश करने को लेकर उत्साहित हैं, जो नवीकरणीय ऊर्जा की बढ़ती मांग का लाभ उठाने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे लिए विशेषज्ञता बढ़ाने और इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। साथ ही, पीईसीएल में अपनी हिस्सेदारी को 60 प्रतिशत तक बढ़ाने की हमारी योजना हमें इसकी सिमेन्स-प्रमाणित विशेषज्ञता का लाभ उठाने, अपनी विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने, उत्पाद पेशकशों में विविधता लाने और बाजार पहुंच का विस्तार करने में सक्षम बनाएगी।

## टीवीएस मोटर कंपनी ने लॉन्च की बिल्कुल नई 2025 टीवीएस रोनिन आधुनिक मोटरसाइकिल




**बेंगलुरु, एजेंसी।** दोपहिया और तिपहिया वाहनों के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक ऑटो निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने आज ऑल-न्यू 2025 टीवीएस रोनिन को लॉन्च किया। यह अपनी श्रेणी की आधुनिक-रेट्रो मोटरसाइकिल का एक नया और बोल्ड संस्करण है। लॉन्च के बाद से, टीवीएस रोनिन ने मोटरसाइक्लिंग को एक नई पहचान दी है, जहां यह क्लासिक रेट्रो लुक और आधुनिक तकनीक को एक साथ जोड़ता है। अब, 2025 टीवीएस रोनिन नए रंगों, आकर्षक स्टाइल और उन्नत फीचर्स के साथ आई है।

स्वतंत्रता और रोमांच पसंद करने वाले राइडर्स के लिए डिज़ाइन की गई 2025 टीवीएस रोनिन अब ग्लेशियर सिल्वर और चारकोल एम्बर जैसे दो नए बोल्ड रंगों में उपलब्ध है। यह टीवीएस मोटर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि कंपनी अपने ग्राहकों को लगातार नए और स्टाइलिश विकल्प प्रदान कर रही है। साथ ही, मिड-वेरिएंट में अब डुअल-चैनल एबीएस जोड़ा गया है, जो इसे और भी सुरक्षित बनाता है। इस नए एडिशन की शुरुआती कीमत 1.59 लाख (एक्स-शोरूम) रखी गई है।लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टीवीएस मोटर कंपनी के हेड बिजनेस - प्रीमियम, श्री विमल सुंबली ने कहा, टीवीएस रोनिन ने देश में आधुनिक-रेट्रो मोटरसाइक्लिंग को फिर से परिभाषित किया है और यह अनस्क्रिप्टैड मोटरसाइक्लिंग की भावना को दर्शाता है, जिससे राइडर्स को आत्मविश्वास और स्टाइल के साथ नए रास्ते खोजने की प्रेरणा मिलती है। 2025 एडिशन के साथ, हम नए आकर्षक रंगों और उन्नत सुरक्षा फीचर्स को जोड़ रहे हैं। हमें विश्वास है कि यह नया मॉडल ग्राहकों को बेहद पसंद आएगा और वे इसे शानदार अनुभव के रूप में अपनाएंगे।

# जब पीएम मोदी मिले पूर्व प्रधानमंत्री से, हुई कई विषयों पर बात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की और उन्हें भारत का महान मित्र बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, पूर्व यूके पीएम ऋषि सुनक और उनके परिवार से मिलकर खुशी हुई! हमारे बीच कई विषयों पर शानदार बातचीत हुई। श्री सुनक भारत के महान मित्र हैं और भारत-यूके संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्साहित हैं। ऋषि सुनक के साथ उनकी सास सुधा मूर्ति, जो एक लेखिका और राज्यसभा सांसद हैं, और अन्य परिवार के सदस्य भी थे। प्रधान मंत्री मोदी ने इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए इसे एक सुखद अनुभव बताया। सुनक के साथ उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति, उनकी बेटियाँ कृष्णा और अनुष्का भी थीं। मोदी ने अपने पोस्ट में कहा सुनक भारत के महान मित्र हैं और भारत-यूके संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हैं। इससे पहले दिन में, सुनक और उनका परिवार नई दिल्ली में संसद भवन का दौरा किया, जहां उनका स्वागत लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने किया। ऋषि सुनक ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की, जहां दोनों नेताओं ने बाजार आधारित वित्तीय संबंधों को मजबूत करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के संभावित नए रास्तों पर चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री श्रीमती nsithara-man ने आज नई दिल्ली में पूर्व पीएम +षि सुनक से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने बाजार आधारित वित्तीय संबंधों को मजबूत करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के संभावित नए रास्तों पर चर्चा की। वित्त मंत्री ने कहा nsitharaman ने #G| एजेंडे पर आपसी हित के मुद्दों को लाने के लिए राष्ट्रमंडल का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया, ताकि #GlobalSouth को लाभ मिल सके।

# नथिंग फ़ोन ( 3ए ) सीरीज़ के कैमरा में महत्वपूर्ण सुधार देखने को मिलेंगे

**मुंबई, एजेंसी।** लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने आज घोषणा की है कि फ़ोन (3ए) सीरीज़ में एक प्रो-लेवल कैमरा सिस्टम होगा, जिससे यूज़र्स किसी भी वातावरण में स्मार्टफोन से वास्तविक तस्वीरें और वीडियो कैप्चर कर सकेंगे।

फ़ोन (3ए) सीरीज़ एक बेहतरीन फ़ोटोग्राफी करने वाले स्मार्टफ़ोन की तरह काम करती है, जबकि इसमें एआई स्पष्टता बढ़ाने वाले एल्गोरिदम के साथ एक नया पेरिस्कोप लेंस भी शामिल है।

फ़ोन (3ए) सीरीज़ के कैमरे में अपने पूर्ववर्ती फ़ोन (2ए) की तुलना में महत्वपूर्ण सुधार होंगे। सबसे महत्वपूर्ण सुधारों में से एक 50एमपी पेरिस्कोप लेंस को शामिल करना है, जो 3एक्स ऑप्टिकल ज़ूम, 6एक्स इन-सेंसर ज़ूम और 60एक्स अल्ट्रा ज़ूम प्रदान करता है, जिससे स्पष्ट और विस्तृत मैक्रो शॉट और 70 मिमी पोर्ट्रेट-परफेक्ट फ़ोकल लंबाई मिलती है। नथिंग का ट्रूलेंस इंजन एक्स आर 3.0 एआई टोन मैपिंग और सीन डिटेक्शन के संयोजन से पेशेवर स्तर की, वास्तविक जीवन जैसी फ़ोटोग्राफी तैयार करने के लिए उत्कृष्ट हार्डवेयर का उपयोग करता है। फ़ोन (3ए) सीरीज़ का 50एमपी मुख्य सेंसर पिक्सेल स्तर पर 64 प्रतिशत ज़्यादा रोशनी कैप्चर करता है, जिसका मतलब है कि फ़ोन (2ए) की तुलना में इसकी फुल वेल कैपसिटी 300 प्रतिशत ज़्यादा है। ये सब ज़्यादा गहराई और स्पष्टता प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, सभी चार सेंसर अल्ट्रा एचडीआर फोटो आउटपुट को सपोर्ट करते हैं और मेन और फ्रंट स्थिर फुटेज और नाइट एन्हांसमेंट के साथ 4के वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करते हैं। फ़ोन (3ए) सीरीज़ का अनावरण 4 मार्च को दोपहर 3-30 बजे (भारतीय मानक समय) किया जाएगा।

# तीन पुरुष, एक मिशन: हेल्थफैब ने शार्क टैंक इंडिया 4 में बड़ा बदलाव लाने का विज़न पेश किया



**मुंबई, एजेंसी।** असम के तीन पुरुष महिलाओं के पीरियड्स को प्रबंधित करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव लाने के मिशन पर हैं। हेल्थफैब के संस्थापक कीर्ति बिक्रम आचार्य, सौरव चक्रबर्ती और सत्यजीत चक्रबर्ती ने एक रीयूजेबल पीरियड्स पैंटीज बनाई हैं, जो महिलाओं को पीरियड्स के दिनों में आराम देने और बार-बार पैड्स बदलने की झंझट से छुटकारा दिलाने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।

जब यह तीनों शार्क टैंक में पहुंचे, तो अपने प्रोडक्ट और उसकी क्षमता को लेकर पूरी तरह आत्मविश्वास से भरे हुए थे। हेल्थफैब और शार्क टैंक इंडिया 4 में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, कीर्ति ने कहा, हम सिर्फ एक समस्या का हल नहीं निकाल रहे, बल्कि एक नई सोच को बढ़ावा दे रहे हैं। हमारी रीयूजेबल पीरियड पैंटी महिलाओं को कंफर्ट, सुविधा और सस्टेनेबिलिटी देने के लिए डिज़ाइन की गई है। हमें विश्वास है कि यह महिलाओं के लिए एक बड़ा बदलाव लाएगी। हम सिर्फ निवेश नहीं चाहते, बल्कि ऐसे साझेदार की तलाश में हैं, जो हमारे विज़न को समझे और बदलाव लाने के लिए हमारे साथ खड़ा हो। सही सहयोग से, हम अपने प्रोडक्ट को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं और महिलाओं की ज़िंदगी को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं। हेल्थफैब के संस्थापकों के जोश और मेहनत से शार्क्स काफी प्रभावित हुए, लेकिन उन्हें प्रोडक्ट के लुक को लेकर कुछ चिंताएँ भी थीं। हालांकि, कुछ आलोचनाओं के बावजूद, संस्थापकों को अपने प्रोडक्ट की संभावनाओं पर पूरा भरोसा था। हेल्थफैब ने 1 करोड़ रुपये के बदले 3 प्रतिशत इक्विटी की मांग रखी, जिससे शार्क्स थोड़ा सोच में पड़ गए और बातचीत रोमांचक मोड़ पर पहुंच गई।

# केबीसी ग्लोबल लिमिटेड ने 1:1 अनुपात में बोनस इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी दी

**नासिक , एजेंसी।** नासिक स्थित, केबीसी ग्लोबल लिमिटेड, (बीएसई - 541161) के बोर्ड ऑफ डीरेक्टर्स ने 15 फरवरी को आयोजित बैठक में 1:1 के अनुपात में बोनस जारी करने को मंजूरी दे दी है (प्रत्येक 1 रुपये के पूर्ण भुगतान किए गए इक्विटी शेयर के बदले एक बोनस इक्विटी शेयर जारी किया जाएगा)। यह निर्णय कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। कंपनी का लक्ष्य निकट भविष्य में विस्तार योजनाओं गति देना और ऋण कटौती में तेजी लाकर व्यवसाय संचालन में बदलाव लाने का है। बोर्ड ऑफ डीरेक्टर्स ने अधिकृत पूंजी बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी और केबीसी ग्लोबल लिमिटेड का नाम बदलकर धरन इंफ्रा-ईपीसी लिमिटेड या आरओसी द्वारा अनुमोदित किसी अन्य नाम का प्रस्ताव रखा। कंपनी ने केबीसी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड,

KARDA™
CONSTRUCTIONS
BUILDERS & DEVELOPERS

यूके स्थित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के अध्यक्ष के रूप में श्री नरेश करदा की नियुक्ति को भी मंजूरी दी। कंपनी की ऑर्डर बुक रु. 260 करोड़ से अधिक है और मार्केट कैपिटलाइज़ेशन रु. 300 करोड़ है।

बोनस इक्विटी शेयर कंपनी के फ्री रिजर्व, सिक्योरिटीज प्रीमियम अकाउंट और कैपिटल रिडेम्पशन से जारी किए जाएंगे। बोनस इश्यू के लिए कुल रु. 261.43 करोड़ का उपयोग किया जाएगा, जिसमें बोर्ड की मंजूरी के 60 दिनों के भीतर शेयर क्रेडिट किए जाएंगे। आज की तारीख में कंपनी की शेयर पूंजी रु. 261.43 करोड़ है, जिसमें 1 रुपये प्रत्येक के इक्विटी शेयरों की समान संख्या शामिल है, जो बोनस जारी होने के बाद बढ़कर रु. 522.87 करोड़ हो जाएगी। सेबी विनियमन 30 (2015) के अनुसार, कंपनी नियत समय में बोनस शेयर पात्रता के लिए रिकॉर्ड डेट की घोषणा करेगी। हाल ही में, पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क, फाल्कोन पीक फंड लिमिटेड सहित अन्य निवेशक, कंपनी में कन्वर्टिबल प्रेफरेंशियल वॉरंट जारी करने के माध्यम से रु. 99.50 करोड़ तक का निवेश करेंगे।

# साउथ सुपरस्टार्स का साइड बिजनेस, किसी की एयरलाइन तो किसी का रेस्टोरेंट



मुंबई। साउथ इंडियन सिनेमा के सुपरस्टार्स न केवल फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं, बल्कि वे अपने साइड बिजनेस के लिए भी मशहूर हैं। ये सेलेब्स फिल्मों के साथ-साथ अपने बिजनेस एम्पायर को भी संभालते हैं। तो आइए जानते हैं कि कौन सा साउथ सुपरस्टार किस बिजनेस से जुड़ा हुआ है।

**राम चरण**-साउथ के सुपरस्टार राम चरण की ट्रूजेट नाम की एयरलाइन है, जो घरेलू उड़ानों के लिए जानी जाती है। इसके अलावा, वह हैदराबाद पोलो और राइडिंग क्लब के भी मालिक हैं।

**श्रुति हासन**-श्रुति हासन, जो साउथ और बॉलीवुड दोनों इंडस्ट्रीज में काम कर चुकी हैं, उसका अपना प्रोडक्शन हाउस है, जिसका नाम इसिड्रो है।

**तमन्ना भाटिया**-तमन्ना भाटिया ने व्हाइट और गोल्ड नाम से एक ऑनलाइन ज्वैलरी ब्रांड लॉन्च किया है, जो खासतौर पर युवाओं के बीच लोकप्रिय है।

**थलपति विजय**-थलपति विजय चेन्नई में एक शानदार वेडिंग हॉल के मालिक हैं, जहां लोग अपने खास मौकों को सेलिब्रेट करते हैं।

**राणा दग्गुबाती**-राणा दग्गुबाती सीएए क्वान नाम की एक टैलेंट मैनेजमेंट कंपनी चलाते हैं। इसके अलावा, उनकी अपनी टेक कंपनी, कॉमिक बुक और एक प्रोडक्शन हाउस भी है।

**नागार्जुन**-नागार्जुन ने एन-ग्रिल और एन एशियन ईटर्स नाम से रेस्टोरेंट चेन शुरू की है, जो खाने के शौकीनों के बीच काफी लोकप्रिय है। इन साउथ सुपरस्टार्स ने न केवल फिल्मी दुनिया में बल्कि बिजनेस के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाई है। ये सेलेब्स अपने बिजनेस के जरिए भी लोगों के बीच खासे लोकप्रिय हैं।

# वॉकरू ने इंदौर में ट्रेड शो 2025 में 1000 नये फुटवियर मॉडल्स लॉन्च किये



**इंदौर, एजेंसी।** वॉकरू ने ग्राहकों का सबसे चहेता ब्राण्ड बनने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इंदौर के ट्रेड शो 2025 में फुटवियर के 1000 से ज्यादा मॉडल लॉन्च किये। यह डिजाइन मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात में ग्राहकों की जीवनशैली तथा उनकी पसंद के अनुसार तैयार किये गये हैं। वॉकरू ग्रुप के डायरेक्टर मनोज बैस्टियन ने कहा, ''हमारा लक्ष्य है भारत का सबसे पसंदीदा ब्रैंड बनना। इसके लिये हम ग्राहकों की काम-काज सम्बंधी जरूरतें ही पूरी नहीं करते हैं, बल्कि फैशन से जुड़ी आकांक्षाओं पर भी ध्यान देते हैं। इस प्रयास में हम पूरा आराम भी सुनिश्चित करते हैं।''मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात में ग्राहकों तक पहुँचने के लिये वॉकरू के पास 16000 से ज्यादा रिटेलरों का नेटवर्क है। वॉकरू की विस्तृत रेंज और अभिनव पहलें अपने ग्राहकों के लिये उच्च-गुणवत्ता के, फैशनेबल और आरामदायक फुटवियर की आपूर्ति को लेकर उसके मिशन का सबूत देती हैं। इस तरह यह ब्रैंड उद्योग में सबसे आगे बना रहता है।

# नोहटा महोत्सव में व्यवस्थाएं चाक चौबंद की जाएगी: संस्कृति



**दमोह।** नोहलेश्वर महोत्सव सांस्कृतिक चेतना यात्रा 19 फरवरी को दोपहर 2 बजे दमोह के जटाशंकर से शुरू कर रहे हैं जिसमें बुंदेलखंड की परम्?परायें, बुंदेलखंड के नृत्य इन सभी का प्रदर्शन यात्रा में होगा। बुंदेलखंड की संस्कृति आगे बड़े इस उद्देश्य से सांस्कृतिक चेतना यात्रा निकाल रहे हैं। इसमें सभी सामाजिक संगठन के लोग शामिल होंगे, यात्रा जटाशंकर धाम से कीर्ति स्तंभ, घंटाघर, राय तिराहा, स्टेशन चौक, तीन गुल्ली, कॉलेज रोड, किल्लाई नाका, नव जागृति स्कूल, महाराणा प्रताप चौक और कृष्णा पैलेस यहां तक पैदल यात्रा रहेगी जिसमें सभी संगठन रहेंगे। इस आशय की बात प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक, न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित विभिन्न सामाजिक और स्वयं सेवी संगठनों और मीडिया से चर्चा करते हुये कही।

संस्कृति राज्यमंत्री लोधी ने कहा 19 फरवरी से पूरे दस दिवसीय मेले का कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, इसमें बड़े-बड़े कलाकार शामिल होंगे। उन्होंने कहा निश्चित रूप से ऐतिहासिक कार्यक्रम नोहटा में होने जा रहा है, इसके साथ-साथ हेलीकॉप्टर राईड की सुविधा भी दी जाएगी, जो लोग हेलीकॉप्टर राइड का आनंद लेना चाहते हैं इसकी सुविधा शासन मेले में उपलब्ध कराई जा रही है, निश्चित रूप से बहुत ही दिव्य और भव्य कार्यक्रम होने जा रहा है। सभी से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस महोत्सव को सफल बनाएं। राज्यमंत्री लोधी ने कहा बहुत समय से लोगों की मांग थी कि नोहलेश्वर महोत्सव शुरू होना चाहिए, नोहलेश्वर महोत्सव के नाम से यह महोत्सव शुरू किया जा रहा हैं, महोत्सव के साथ-साथ प्रदेश स्तरीय मेला भी लगाया जाएगा। यह छोटा सा प्रयास है, इस प्रयास के द्वारा नोहटा के कलचुरी कालीन मंदिर को प्रदेश, देश और दुनिया के पटल पर लाने का छोटा सा प्रयास है, जिसमें आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। महोत्सव में एक अच्छा कवि सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। 20 फरवरी को जबलपुर के विनोद कुमार द्वारा आल्हा भक्ति गायन का कार्यक्रम होगा, साथ में स्थानीय प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा बड़े कलाकारो के प्रोग्राम के साथ ही जो स्थानीय कलाकार है जिन्हें मंच नहीं मिलता है प्रयास किया गया है कि उनको भी मंच दिया जाये, हर दिन स्थानिक कार्यक्रम होंगे और उसके बाद प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मेले में हेलीकॉप्टर राइड की सुविधा कंफर्म हो गई है, हेलीकॉप्टर को 6 सीटर किया गया है, यह पहला प्रयास है जिसमें 500 से 600 बुकिंग हो चुकी है एक दिन में 200 लोगों की ही यात्रा कराई जाएगी, 5 दिन में लगभग 1000 लोगों को यात्रा कराई जाएगी, यात्रा 10 मिनट कराई जाएगी। 19 फरवरी को किशनगंज के जितेंद्र खरे द्वारा बुंदेली राई नृत्य का कार्यक्रम होगा।

# एक्सिस बैंक की बरगंडी प्राइवेट और हुरुन इंडिया ने भारत की 500 सबसे मूल्यवान गैर-सरकारी कंपनियों की चौथी संस्करण रिपोर्ट जारी की




**मुंबई, एजेंसी।** एक्सिस बैंक के प्राइवेट बैंकिंग बिजनेस बरगंडी प्राइवेटऔर हुरुन इंडियाने भारत की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची के चौथे संस्करण '2024 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500' को जारी किया। इस सूची में कंपनियों को उनके मूल्य के आधार पर रैंक दी गई है। सूची में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों का मूल्यांकन (वैल्यूएशन) शामिल किया गया है। यह सूची केवल भारत में मुख्यालय वाली कंपनियों को शामिल करती है, सरकारी कंपनियों और विदेशी एवं भारतीय कंपनियों की सहायक कंपनियों (सब्सिडियरीज) को इसमें जगह नहीं दी गई है।

'2024 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500' में शामिल होने के लिए कंपनियों का न्यूनतम मूल्य 9,580 करोड़ रुपए (1.1 बिलियन यूएस डॉलर) होना आवश्यक था, जो 13 दिसंबर 2024 तक के आंकड़ों के आधार पर तय किया गया। इस सूची में शामिल कंपनियों की औसत आयु 43 वर्ष है। '2024 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500' में कंपनियों का कुल संयुक्त मूल्य 324 लाख करोड़ रुपए (3.8 ट्रिलियन यूएस डॉलर) तक पहुंच गया है। पिछले वर्ष की इसी अवधि में, बीएसई सेंसेक्स में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई, निफ्टी 50 में वर्ष-दर-वर्ष 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एसएंडपी बीएसई 500 में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

लॉन्च पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरी ने कहा, बरगंडी प्राइवेट को एक बार फिर हुरुन इंडिया के साथ साझेदारी कर भारत की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों का जश्न मनाने की खुशी है। '2024 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500' रिपोर्ट भारत के कॉर्पोरेट परिदृश्य का एक प्रभावशाली चित्रण है, जो अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। इस साल की सूची में शामिल कंपनियों ने नई रणनीतियों, नवाचार और बदलते हालातों के अनुसार खुद को ढालते हुए वृद्धि के अपार अवसरों का लाभ उठाया है और अपने-अपने उद्योगों में अग्रणी बनकर उभरी हैं। पहले से कहीं अधिक गतिशील पूंजी बाजार में इन कंपनियों ने दूरदृष्टि, लचीलापन और चुस्ती का प्रदर्शन कर अपने हितधारकों के लिए अत्यधिक मूल्य का सृजन किया है।

## कुसमेली में अवैध कॉलोनी काटने के प्रकरण में तत्काल एफ.आई.आर. कराने के निर्देश

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार एवं अपर कलेक्टर के.सी.बोपचे सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी एवं जिला मुख्यालय के अधिकारी कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित थे, जबकि अन्य सभी एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ सहित सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।समय सीमा प्रकरणों की बैठक में अवैध कॉलोनाइजर्स पर कार्यवाही की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने आयुक्त नगर पालिक निगम को कुसमैली में अवैध कॉलोनी काटने के प्रकरण में संबंधितों के विरुद्ध मीटिंग के तत्काल बाद एफ.आई.आर. दर्ज कराने के निर्देश दिए।

## डीडीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता 21 से

**छिंदवाड़ा।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष स्व. भगवानदीन राय की स्मृति में तीन दिवसीय डीडीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नागपुर रोड स्थित इनर ग्राउंड में किया जा रहा है। आयोजक आशय राय ने बताया कि डीडीसी चैम्पियनशिप ट्रॉफी लीग का यह पांचवा सीजन है जिसका शुभारंभ 21 फरवरी को होगा। सभी मैच 10-10 ओवर के होंगे और मैच सुबह 7 बजे से प्रारंभ होंगे। प्रतियोगिता में 16 टीम भाग ले रही है। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल और फाइनल मैच 23 फरवरी को खेले जाएंगे। विजेता टीम को 25555 एवं उपविजेता टीम को 11,111 रुपए नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**सौंसर।** तहसील विधिक सेवा समिति सौसर के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह के नेत्रत्व में एंजेल पब्लिक स्कूल रामाकोना तहसील सौसर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनिरुद्ध कुमार उचाडिया व्यवहार न्यायाधीश ने बच्चो को मोटर व्हीकल एक्ट, गुड टच बेड टच, ड्राइविंग लाइसेंस, विधिक और कानून की जानकारी दी शिविर में प्राचार्य श्रीमती रजनी ठाकुर शिक्षक गण छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कमलनाथ व नकुलनाथ ने शिवाजी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी

**छिन्दवाड़ा।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी एवं जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी ने नगर व जिलेवासियों को शिवाजी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले शिवाजी महाराज की वीर गाथाएं इतिहास के पन्नों पर दर्ज है, जिससे सम्पूर्ण देश अवगत है। कमलनाथ ने नगर व जिलेवासियों को महान वीर योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि शिवाजी महाराज भारत के ऐसे वीर सपूत है जिसकी शौर्यगाथा इतिहास के पन्नों पर स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। उनकी वीरता की मिसाल हर जगह दी जाती है। कमलनाथ ने अपने शुभकामना संदेश के अंत में पुन~जिले व नगरवासियों को शिवाजी महाराज की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी। नकुलनाथ ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि शिवाजी महाराज की जयंती से हमें शौर्य व अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ने की प्रेरणा मिलती है। शिवाजी महाराज ने अखण्ड भारत व स्वराज का सपना देखा था और मराठा साम्राज्य खड़ा किया। शिवाजी महाराज को बहादुर, बुद्धिमान, शौर्य से परिपूर्ण व महान राजा के रूप में पूजा जाता है।

## विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविरमें 124 शिकायतों का मौके पर त्वरित निराकरण

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में कंपनी के छिंदवाड़ा वृत्त कार्यालय, संचारण/संधारण के 8 संभागों जिनमें शहर संभाग छिंदवाड़ा, पूर्व संभाग छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, पांढुर्णा, जुन्नारदेव व परासिया और इनके अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केंद्रों में आज मंगलवार को विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर संपन्न हुये। इन शिविरों में 124 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से सभी 124 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता खुशियाल शिववंशी ने बताया कि शिविर/जनसुनवाई में विद्युत प्रदाय संबंधी 56, बिल संबंधी 28, बंद/खराब मीटर संबंधी 18, नवीन कनेक्शन संबंधी 17 और 05 अन्य प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 124 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 124 शिकायतों का मौके पर ही तत्काल निराकरण किया गया। उन्होंने बताया कि विद्युत प्रदाय संबंधी 56, बिल संबंधी 28, बंद/खराब मीटर संबंधी 18, नवीन कनेक्शन संबंधी 17 और अन्य श्रेणी की 05 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि विद्युत संबंधी शिकायतों के निवारण के लिये प्रति मंगलवार वृत्त के विभिन्न संभागों और वितरण केन्द्र कार्यालयों में आयोजित विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर/जनसुनवाई का लाभ अवश्य लेवें।

## सेवानिवृत सेवकों को मिले सभी स्वत्वों के लाभ: कलेक्टर

### कलेक्टर ने लंबित पेंशन प्रकरणों की गहन समीक्षा

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कहा कि कार्यालय प्रमुख और डीडीओ की उदासीनता एवं स्थापना शाखा प्रभारी कर्मचारी की लापरवाही के कारण सेवानिवृत्ति के उपरांत शासकीय सेवकों को पेंशन और अन्य स्वत्वों के भुगतान के लिए दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर लगाने पड़ते हैं। अब यह असंवेदनशीलता और लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी डीडीओ लंबित सभी पेंशन प्रकरण आगामी एक सप्ताह के अंदर जिला पेंशन कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। आगामी 6 माहों में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के प्रकरण भी अभी से तैयार करा लें और चेक लिस्ट के अनुसार जहां कहीं कमी है, उसे अभी ही दूर करा लें। कलेक्टर श्री सिंह आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सभी विभाग प्रमुखों और आहरण संवितरण अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के विभिन्न विभागों में लंबित पेंशन प्रकरणों की गहन समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान अपर कलेक्टर के.सी.बोपचे और जिला पेंशन अधिकारी श्रीमती हीरावती उईके भी उपस्थित थीं।

# थाना देहात पुलिस ने संगठित चोर गिरोह को पकडा



**छिंदवाड़ा।** प्रार्थी जितेन्द्र पिता स्व. राजेन्द्र मिश्रा निवासी गुलाबरा ने मो.सा. क्र. एमपी 28ऋ7027 कीमती 15000/- रु. चोरी होने की, दिनांक 15.02.25 को प्रार्थी राहुल पिता दशरथ विश्वकर्मा निवासी खैरी भोपाल ने मो.सा. कीमती 20000/- की चोरी होने की, दिनांक 17.02.25 को प्रार्थी मजहर पिता मकसूद पाशा निवासी ताजनगर ने बोर में लगी मोटर एवं लीड कीमती 23000/- की चोरी होने, एवं प्रार्थी पवन पिता चंपालाल बंदेवार निवासी मारई ने राशन एवं गैस सिलेन्डर कीमती 5000/- रु. की अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराए जो थाना देहात में क्रमशः अप.क्र. 29/25 धारा 303 (2) BNS, अप.क्र. 93/25 धारा 303(2) bns, अप.क्र.96/25 धारा 303(2),313,238 e bns, अप.क्र. 97/25 धारा 331(2),303(2),313 bns का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है जिले में बढ रही चोरी की बारदातों को देखते गश्त के दौरान चार विधिविरुद्ध बालकों को रंगे हाथ पकडा गया जिन्हें थाना लाकर हिकमतअमली से पूछताछ की गई जिन्होंने दिनांक 18/11/24 को रीत मैरिज लॉन मोहरली के पास से बोर में लगी मोटर एवं मोटर लीड चोरी करना, दिनांक 19.12.24 की रात्रि पारसनाथ टाउन कालोनी गुरैया ढाना से एक मो.सा. चोरी करना बताए, दिनांक 31.12.24 को शासकीय हाईस्कूल मारई के कीचन सेड से राशन एवं गैस सिलेन्डर चोरी करना बताए, दिनांक 14.02.2025 के रात 09 बजे मोहरली से एक मो.सा. चोरी करना बताए, जो विधिविरुद्ध बालकों द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर चारों विधि उलंघन कर्ता बालकों का अभिरक्षा मेमो तैयार कर माननीय किशोर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## गुलाबरा चोरी के मामले मे फरार आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने सोने के आभूषण बरामद

**छिंदवाड़ा।** कोतवाली पुलिस की कार्रवाई 16.12.2024 को प्रार्थी राजेन्द्र पिता स्व. मन्ना सिंह राजपूत उम्र 68 वर्ष निवासी गली नं. 07 जैन मंदिर के पास गुलाबरा थाना कोतवाली जिला छिन्दवाडा ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह एक दिन पहले परिवार सहित पैतृक गांव चांदामेटा गया था। दिनांक 16.12.2024 को सूचना मिलने पर घर आकर देखा तो घर मे लगा ताला टूटा हुआ था एवं घर के नीचे दुकान का भी ताला टूटा था अ आलमारी मे रखे लाखो रुपये के सोने के जेवर,और नगदी रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गये है।प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक- 832/24 धारा-305ए, 331(4) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।प्रकरण में गुलाबरा क्षेत्र मे हुई चोरी की घटना के संबंध में सफलता प्राप्त करते हुए पूर्व मे दो आरोपी अमित उर्फ अंतू सोनी एवं असलम खान को बांधा उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर चोरी का मशरूका बरामद किया जाकर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किये गये थे एक आरोपी फरार चल रहा था दिनांक- 18.02.2025 को प्रकरण के फरार आरोपी शेख फरीद पिता शेख सईद उम्र 45 साल निवासी गिदवारी बार्ड टिकारी बैतूल जिला बैतूल को पुलिस टीम द्वारा बैतूल से गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से एक सोने की झुमकी कनोटी सहित जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है।



## नगर निगम के स्वच्छता एम्बेसडर पर बलात्कार का मामला दर्ज



**छिंदवाड़ा।** शादी का प्रलोभन देकर अवैध संबंध बनाने वाले नगर निगम के स्वच्छता एम्बेसडर पर देहात पुलिस ने बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है। युवती की शिकायत पर बयान के बाद पुलिस द्वारा बलात्कार की धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी में देहात थाना प्रभारी जीएस राजपूत ने बताया कि यूटू फिटनेस के जिम ट्रेनर उत्सव बैरागी की द्वारा उसके ही जिम में आने वाली युवती से मुलाकात हुई। जहां दोनों के बीच जान पहचान होने के बाद नजदीकियां बड़ी, वहाँ उत्सव ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम करता रहा। जबकि ये सिलसिला लगातार 4 सालों तक चलता रहा। वहीं जब युवती ने उत्सव से शादी की बात की तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। ऐसे में सोमवार देर शाम युवती ने देहात थाने पहुंचकर अपनी आप बीती बताई। जहां पुलिस ने उत्सव बैरागी के के खिलाफ 169 बीएनएस धारा 351(3)(2)(5) एससी एसटी एक्टका अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया जो महिला संबंधी मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुई 24 घण्टे के भीतर आरोपी यू टू फिटनेश जिम संचालक उत्सव पिता शशीकांत बैरागी उम्र 34 साल निवासी संचार कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया है जिसे रिमाण्ड में न्यायालय पेश किया गया है।

## मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना

**छिंदवाड़ा।** भोपाल द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 120 घंटो के दौरान (19 से 23 फरवरी) साफ से हल्के बादल रहने एवं मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 30-31 डिग्री सेन्टीग्रेट एवं न्यूनतम तापमान 14-16 डिग्री. सेन्टीग्रेट के मध्य रहने की संभावना है। अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता 75-85 प्रतिशत एवं न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता 55-67 प्रतिशत रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में हवा पूर्व, दक्षिण-पूर्व उत्तर-पूर्व और उत्तर दिशाओ में बहने एवं 03-09 कि. मी. प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है।

## जांच दल द्वारा पचमढ़ी-भूराभगत मार्ग में वाहनों की सघन जाँच

### 11 वाहनों से लिया गया 69000 रूपये का जुर्माना



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा महाशिवरात्रि मेले को दृष्टिगत रखते हुये आज पचमढ़ी-भूराभगत मार्ग पर छोटे-बड़े सभी वाहनों की बारीकी से जाँच की गई। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस के साथ ही यात्री वाहनों में किराया सूची चस्पा होने, वाहनों में ओवरलोडिंग, यात्रियों से अधिक किराया लिये जाने के संबंध में सघन जांच की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि पचमढ़ी-भूराभगत मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान जिन वाहनों में दस्तावेजों की कमियां पाई गई तथा मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करते पाये जाने वाले 11 वाहनों से 69000 रूपये का जुर्माना लिया गया। साथ ही वाहन संचालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की भी कार्यवाही की जायेगी।

## प्रधानमंत्री आवास, लाडली बहना एवं भूमि पट्टा दिलाने की मांग जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं



**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 108 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्माननिधि की राशि दिलाने, छात्रवृत्ति दिलाने, बिजली के खम्बे लगाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी। कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम पिपरिया की श्रीमती अंजू यादव ने संबल योजना के तहत आर्थिक सहायता दिलाने, ग्राम बामला के श्री अर्जुन भास्कर ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बेलगांव के श्री कमलेश बरखे ने संबल कार्ड बनाने, ग्राम लेंदागोंदी की श्रीमती ज्ञानवती व ग्राम खूटपिपरिया की श्रीमती शोभा डेहरिया ने लाड़ली बहना योजना की राशि दिलाने, ग्राम कुदवारी की श्रीमती रामवती उईके ने लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने, ग्राम जाटाछापर के श्री हेमीराम राय ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम कुण्डालीकलां के ग्रामवासियों ने विद्युत प्रदाय करने, बिछुआ के वार्ड नंबर-15 के श्री देवाजी व ग्राम साजकुही के सुमरलाल परतेती ने आबादी भूमि का पट्टा दिलाने, ग्राम ग्रांगीवाड़ा के श्री संजय युवनाती ने समग्र आईडी में नाम जोड़ने, अमरवाड़ा के श्री संतोष कुमार डेहरिया ने अपने पैतृक मकान का नामांतरण करने, ग्राम चारगांवप्रहलाद के श्री राजकुमार कोलारे ने प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम दर्ज कराने, छिंदवाड़ा नगर के लालबाग की श्रीमती योगिता रोड़े ने आधार कार्ड को अपडेट कराने, वार्ड नंबर-47 के श्री आनंद, सागर व सुष्मा बिन्झाड़े ने दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एडीएम श्री के.सी.बोपचे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्रीमती अंकिता त्रिपाठी और डिप्टी कलेक्टर राहुल पटेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये।

## जिलास्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 118 आवेदन



**सिवनी-** प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। आयोजित जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही। जिलास्तरीय जनसुनवाई में संजय वार्ड सिवनी निवासी मोहिद खान द्वारा बीपीएल राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम कान्?हीवाडा निवासी फैमिदा बी द्वारा आवास हेतु भूमि प्?लाट दिलाये जाने विषयक, ग्राम पांडीवाडा तहसील केवलारी निवासी कैलाश बाई भलावी द्वारा आधार कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम थांवरी खमरिया तहसील धनौरा निवासी रविंद्र कुमार नेताम द्वारा आईडी में सुधार किये जाने विषयक, ग्राम मगरकठा तहसील बरघाट निवासी लखनलाल यादव द्वारा त्रुटिपूर्ण बिजली बिल भुगतान राशि कम किये जाने विषयक, ग्राम वार्ड नं.13 घंसौर निवासी रानी नामदेव द्वारा संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम सिहोरा थाना बंडोल निवासी अनारकली धुर्वे द्वारा डीएलएड छात्रवृत्ति दिलाये जाने विषयक, ग्राम घंसौर तहसील घंसौर निवासी लेखराम चौधरी द्वारा राजस्?व अभिलेख में सुधार किये जाने विषयक, ग्राम सिंदरिया सुकतरा निवासी सीताराम डेहरिया द्वारा बयनामा रजिस्?ट्री के आधार पर नामांतरण किये जाने विषयक, ग्राम मेहराबोडी थाना अरी निवासी धनीराम ग्?वालवंशी द्वारा किसान सम्?मान निधि राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम डूंडासिवनी निवासी आशा उइके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम लूघरवाडा सिवनी निवासी गीता जैन द्वारा पेंशन योजना का लाभ एवं गरीबी रेखा का कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम पायली खुर्द छपारा निवासी टेकचंद बरमैया द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम उमरिया निवासी ध्रुवकुमार धुर्वे द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने एवं रसीद दिलाये जाने विषयक, ग्राम देवघाट थाना पलारी निवासी रश्मि यादव द्वारा संबल योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम पौनिया बरघाट निसासी जीवन द्वारा प्रधानमंत्री योजनांतर्गत सहायता राशि दिलाये जाने विषयक सहित कुल 118 आवेदन प्राप्त हुए।

## नगर के 18 वार्डो में नियमित जल सप्लाई शुरू



**आष्टा।** मंगलवार सुबह पार्वती नदी में रामपुरा डैम का पानी पहुंच गया है नगर पालिका ने आज से नियमित शहर में जल सप्लाई शुरू कर दी है। बता दे की 15 दिन पहले नगर पालिका ने रामपुरा डैम से पार्वती नदी में पानी छुड़वाया था लेकिन रास्ते में ही मोटरो से पानी खींचा जा रहा था साथ ही कन्नौद बाईपास के नवनिर्मित पल के पास मिट्टी डालकर पानी रोक दिया गया था जिसे नगर पालिका की टीम ने मिट्टी हटाई थी तब जाकर अब मंगलवार सुबह रामपुरा डैम का पानी शहर में पार्वती नदी में पहुंच सका। आज सुबह 5 बजे करीब शंकर मंदिर पार्वती पुल के पास डैम का पानी पहुंचा और नगर पालिका ने सुबह से ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जल प्रदाय शुरू कर दिया। कुछ लोगों को ही याद है कि जब तत्कालीन भोपाल क्षेत्र के सांसद सुशील चंद्र वर्मा क्षेत्र के सांसद थे तो क्षेत्र में जल संकट रहता था उस समय क्षेत्र की जनता डाक पोस्ट से सांसद को चिट्ठियां लिखती थी कि क्षेत्र में जल संकट है इसी को देखते हुए तत्कालीन सांसद सुशील चंद वर्मा ने रामपुरा डैम का निर्माण कराया था और आज उसी का पानी आष्टा क्षेत्र में गर्मी के दिनों में प्रदाय किया जाता है साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए नेहरू के माध्यम से सिंचाई विभाग रामपुरा डैम का पानी छोड़ती है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया है कि मंगलवार सुबह रामपुर डैम का पानी शहर की पार्वती नदी में पहुंच गया है और अब सुबह से ही 18 वार्डों में शेड्यूल अनुसार जल प्रदान किया जा रहा है।

## कतिया समाज ने की पहली पायरी पहुँचकर की पूजा, अर्चना



**छिंदवाड़ा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कतिया समाज छिंदवाड़ा द्वारा आगामी महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर समाज का पहला जत्था दिनांक 17 फरवरी 2025 दिन सोमवार को पहली पायरी पहुँचा, जहाँ समाज के सभी महिला, पुरूषों ने जुन्नारदेव स्थित नदी में स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त कर भूरा भगत पहुँचकर पूजा अर्चना की और देश में अमन चैन की अपील की। उक्ताशय की जानकारी समाज के मोहन बेलवंशी उर्जा ने देते हुये बताया कि कतिया समाज द्वारा प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मेले की शुरूवात के पूर्व ही जुन्नारदेव स्थित देनवा नदी में स्नान किया जाता है इसके पश्चात् सभी सामाजिक बंधु एकजुट होकर पहली पायरी भूरा भगत के लिये रवाना होते हैं, जहाँ मंदिर में पूजा अर्चना प्रारंभ मेले का शुभारंभ किया जाता है। उन्होनें बताया कि इस अवसर पर विशेष रूप से समाज के वरिष्ठ बृजलाल बेलवंशी, हरीश बेलवंशी, सुभाष बेलवंशी, खुमान बेलवंशी, ताजम बेलवंशी, पंचम बेलवंशी, राजा बेलवंशी, रेखन बेलवंशी, पुसूलाल बेलवंशी, होरीलाल बेलवंशी सहित समाज के लगभग 300-400 महिला पुरूषों का पहला जत्था पहली पायरी पहुँचा।

# जागरूक समाजसेवी की सूझबूझ से अपने परिजनों से मिला पाया गुमशुदा मानसिक विक्षिप्त युवक

## सिंधी समाज ने किया जागरूक समाजसेवी का सम्मान

**दैनिक सांध्य प्रकास्क गंजबासौदा**-विगत दिवस सोमवार को नगर के जागरूक युवा समाजसेवी अन्नपूर्णा सेवा समिति के संचालक गगन दुवे को 23- 24 वर्षीय एक युवक जो मानसिक रूप विक्षिप्त अवस्था में घूमता दिखाई दिया जो पिछले चार-पांच दिनों से गंजबासौदा में भूखा प्यासा घूम रहा था दुबे ने उस युवक से सहानुभूति पूर्वक बातचीत की एवं उसको भोजन कराया तत्पश्चात उसकी जानकारी मिलाकर उसको उसके परिजनों से मिलवाया।

ज्ञात हो कि मानसिक विक्षिप्त अवस्था में युवक पिछले चार पांच दिन से शहर में भटक रहा था लेकिन किसी का ध्यान उसकी ओर नहीं गया जब शहर के जागरूक युवा समाजसेवी ने जब यह भांपा की यह विक्षिप्त युवक परेशान है तब उन्होंने उससे बातचीत करने की कोशिश की बातचीत की तब परेशान युवक ने अपना नाम दीपक रेलवानी पिता राजकुमार रेलवानी बताया जिससे यह समझ आया कि यह शायद सिंधी समाज का है तब श्री दुवे ने इस बात की जानकारी शहर के सिंधी समाज के वरिष्ट लोगों को दी जिसके बाद सिंधी समाज के स्थानीय निवासी सुरेश तनवानी,राकेश कटारिया, श्याम वाधवानी, राम वाधवानी ने जय स्तंभ चौक पहुंचकर इस युवक से सिंधी भाषा में बात करके इस बात को पक्का किया कि वह सिंधी ही है ओर वह अपने आप को मुंबई ,कोलकाता एवं इंदौर का रहवासी बता रहा था इस घटना को दुवे व उनके सहयोगियों ने सोशल मीडिया व्हाट्सएप ग्रुप में डाला गया साथ ही युवक द्वारा बताए गए एक पते काटजू कॉलोनी इंदौर को अपने मित्रों के सहयोग से परीक्षण किया गया। श्री दुवे फिर इस युवक को लेकर शहर थाने पहुंचे ओर पूरे मामले की जानकारी से थाना प्रभारी महोदय को अवगत कराया साथ ही सिंधी समाज इंदौर एवं मुंबई के सामाजिक व्हाट्सएप ग्रुपों पर संदेश पहुंचाया गया व पुलिस के सहयोग से युवक के परिजनों का पता लगाने का भरचक प्रयास प्रारंभ किए। इसके साथ-साथ बासौदा के व्यापारिक व्हाट्सएप ग्रुपों पर भी इस संदेश को तेजी से प्रसारित किया गया। इन संदेशों के माध्यम से युवक के माता-पिता इंदौर निवासी पाए गए एवं स्थानीय सिंधी समाज के लोगों तथा भाजपा नेता रोहित रघुवंशी के माध्यम से उनके परिजनों का संपर्क युवक से हुआ। तत्पश्चात उसके परिजन सोमवार प्रातः गंजबासौदा पहुंचे और अपने गुमशुदा युवक से मिल सके। अपने मानसिक विक्षिप्त बेटे से मिलकर माता पिता भावुक हो गए और उन्होंने शहर के युवा समाजसेवी श्री दुवे व स्थानीय सिंधी समाज का आभार जताया जिन्होंने उनके बेटे से मिलवाने में महती भूमिका निभाई।



### सिंधी समाज ने किया गगन दुबे का सम्मान-

दीपक रेलवानी को शकुशल अपने परिजनों तक पहुंचाने के पश्चात स्थानीय सिंधी समाज ने युवा समाजसेवी पत्रकार गगन दुवे का सम्मान सिंधी धर्मशाला त्योंदा रोड पर किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं व्यवसायी सतपाल तनवानी ने दुवे के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सूझबूझ एवं समाज सेवा की भावना के कारण एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक अपने परिजनों से मिल सका इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। सिंधी समाज के सुरेश तनवानी ने गगन दुबे की सेवा भावना का सम्मान करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष प्रदीप खटवानी,कन्हैया लाल वासवानी, नानक मामा किशोर उद्यानी, सुरेश तनवानी, हशमत मामा,दिलीप तनवानी, राकेश कटारिया, मनोज वासवानी, श्याम वासवानी, राम बाधवानी,चेतन कटारिया, तरु खिलवानी सहित अनेक सिंधी समाज ने नागरिक उपस्थित रहे।



साकेत नगर में छत्रपति शिवाजी महराज की जयंती पर मंत्री कृष्ण गौर ने शिवाजी पार्क में छत्रपति शिवाजी की मूर्ति का अनावरण किया।



आज महापौर मालती राय ने बिसन खेड़ी बनियान ट्री पर वीएनएस कॉलेज एवं नगर निगम द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर मीट हेतु भोज ताल सफाई अभियान का शुभारंभ किया हिसाब कर पर कॉलेज स्टाफ एवं स्टूडेंट उपस्थित रहे।



शिवाजी चौराहा लिंक रोड न 1 पर शिवाजी जयंती पर होने वाली कार्यक्रम के लिये लगे टेंट झंडो को तहसीलदार द्वारा हटाए जाने के विरोध में बीजेपी कार्य समिति के सदस्य कृष्ण घाडगे द्वारा शिवाजी चौराहा पर प्रदर्शन किया गया।

# आरएसएस की सहमति से होगा मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का चयन

## डॉ. मोहन यादव, शिवराज सिंह चौहान और नरेन्द्र सिंह तोमर की सहमति से होगा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का निर्णय

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का निर्णय भले ही केंद्रीय नेतृत्व को लेना है लेकिन केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की रजामंदी से ही निर्णय लिया जाएगा।

आरएसएस से भी प्रस्तावित नाम पर हरी झंडी ली जाएगी। पार्टी सूत्रों का मानना है कि जल्द ही इस बारे में फैसला कर लिया जाएगा। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा का पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुका है।

सात महीने पहले से आरंभ हुए संगठन चुनाव में बूथ से लेकर मंडल और जिलाध्यक्ष के चुनाव भी संपन्न हो चुके हैं। अब प्रदेश अध्यक्ष के बाद 10 मार्च तक राष्ट्रीय अध्यक्ष का भी चुनाव होना है।



**हर अहम निर्णय में भागीदारी-** पिछले 20-25 वर्षों की भाजपा की राजनीति पर नजर डाली जाए तो अभी तक शिवराज सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह तोमर की जोड़ी हर अहम निर्णय में भागीदार रही है। अधिकांश मामलों में दोनों नेताओं की सलाह को भी पार्टी महत्व देती रही है।

अब मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव हैं तो उनका सुझाव भी संगठन में महत्वपूर्ण रहेगा। पार्टी यह भी नहीं चाहती कि प्रदेश अध्यक्ष के चयन से कोई ऐसा पावर सेंटर बन जाए, जिसके कारण सत्ता-संगठन के बीच टकराव की स्थिति निर्मित हो जाए।

**आदिवासी या महिला वर्ग से चुना जा सकता है नया अध्यक्ष-** वैसे भी अगले पौने चार साल तक प्रदेश में कोई चुनाव नहीं होना है, इसलिए ऐसा चेहरा भी प्रदेश अध्यक्ष के पद पर बिठाया जा सकता है, जो सभी बड़े नेताओं की पसंद हो। फिलहाल पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष को लेकर पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन माना जा रहा है कि नया अध्यक्ष सामान्य, आदिवासी या महिला वर्ग के बीच से चुना जा सकता है।

**संघ की राय भी अहम रहेगी-** इधर, प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए संघ की राय भी अहम रहेगी। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह मध्य प्रदेश में भाजपा ने पीढ़ी परिवर्तन को अंजाम दिया है, उससे यह कयास भी लगाए जा रहे हैं कि पार्टी कोई नया चेहरा इस पद पर पार्टी ला सकती है।

# प्रयागराज में बढ़ती भीड़ से एमपी सरकार अलर्ट

## सीएस ने कलेक्टर्स- रेलवे अधिकारियों से व्यवस्थाएं बनाने को कहा, सीएम बोले- जरूरी सामान लेकर निकले



**भोपाल।** प्रयागराज महाकुंभ के आखिरी दिनों में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए, विशेष रूप से मध्य प्रदेश के रीवा संभाग समेत अन्य जिलों में बढ़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार ने आवश्यक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टरों और रेलवे अधिकारियों से संवाद कर समुचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने लोगों से अपील की है कि प्रयागराज यात्रा शुरू करने के पहले भीड़ और जाम की स्थिति पता कर लें ताकि किसी तरह की अव्यवस्था की स्थिति में न फंसना पड़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रयागराज महाकुंभ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं कर रही है। उन्होंने सीमावर्ती जिलों के कलेक्टरों को सतर्क और सजग रहने के निर्देश दिए हैं, ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपनी यात्रा शुरू करने से पहले भीड़ और जाम की स्थिति पर नजर बनाए रखें और आवागमन के रास्तों की जानकारी पहले से ही जुटा लें। यदि यात्रा असुविधाजनक हो, तो कुछ दिन के लिए उसे स्थगित करें और मार्ग ठीक होने के बाद ही आगे बढ़ें।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सरसंघचालक श्रद्धेय गोलवलकर की जंयती पर किया पुण्य-स्मरण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्रद्धेय श्री माधवराव सदाशिव गोलवलकर %गुरुजी% की 119वीं जयंती के अवसर पर उनका पुण्य स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरुजी ने अपना संपूर्ण जीवन एकता, अखंडता एवं जन-जन में राष्ट्रभक्ति के संचार के लिए समर्पित कर दिया। वे त्याग, तपस्या और अतुलनीय समर्पण के प्रतिबिंब थे। गुरु गोलवलकर का व्यक्तित्व सदैव देशवासियों को मां भारती की सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। उल्लेखनीय है कि माधवराव सदाशिव गोलवलकर जी का जन्म 19 फरवरी 1906 को नागपुर में हुआ था।

# शराब दुकानों के लाइसेंस रिन्यूअल की प्रोसेस शुरू: सिर्फ 52 जिलों के लिए होगी, मऊगंज, पांढुर्णा, मैहर जिलों में अलग से रिन्यूअल नहीं

**भोपाल।** आबकारी विभाग ने एक अप्रेल से जारी होने वाली नई आबकारी नीति के आधार पर शराब दुकानों के लाइसेंस रिन्यूअल की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रिन्युअल और टेंडर की प्रोसेस प्रदेश के 52 जिलों में ही होगी। मऊगंज, पांढुर्णा और मैहर के नए जिले बनने के बाद भी इन जिलों में अलग से रिन्यूअल का काम नहीं कराया जाएगा। यहां की शराब दुकानें रीवा, छिंदवाड़ा और सतना की जिला समितियों द्वारा नीलाम कराई जाएंगी। मऊगंज, पांढुर्णा और मैहर के कलेक्टर इन



समितियों में शामिल रहेंगे। आबकारी नीति में प्रावधान किया गया है कि प्रदेश में शराब की सभी दुकानें कंपोजिट शॉप होंगी। यहां देसी व विदेशी दोनों ही तरह की शराब उपलब्ध रहेगी। सभी शराब दुकानों पर देश के बाहर से आयात की गई शराब बीआईओ (बॉटल्ड इन ओरिजिन) की बिक्री भी की जा सकेगी। इन शराब दुकानों पर वाइन और हेरिटेज शराब की बिक्री की भी अनुमति दी जाएगी। हालांकि पिछले सालों की तरह अहाता खोलने पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही शराब दुकान के परिसर में शराब पीने की अनुमति नहीं रहेगी। इनमें फलों के रस से बनाई जाने वाली वाइन के आउटलेट और एयरपोर्ट काउंटर शामिल नहीं होंगे। ई टेंडर और ई टेंडर कम आक्शन के माध्यम से शराब दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया होगा। वार्षिक लाइसेंस फीस की शेष राशि प्रक्रिया पूरी होने की तारीख से तीन दिन के भीतर या 31 मार्च 2025 जो भी पहले हो, इस अवधि तक ई आबकारी पोर्टल पर ऑनलाइन जमा करानी होगी।

# ईवी पॉलिसी ~कार-दो पहिया वाहनों में मिलेगी इतने रुपए की छूट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए एक नई और प्रभावशाली नीति की शुरुआत की है। इस नीति के तहत, राज्य में इलेक्ट्रिक कारों और दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों पर विभिन्न प्रकार की छूट और प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, ताकि राज्य में इन वाहनों की लोकप्रियता बढ़े और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले।

**इलेक्ट्रिक वाहनों पर मिलेगा बड़ा प्रोत्साहन-** मध्य प्रदेश सरकार ने अपनी नई नीति के तहत इलेक्ट्रिक कारों पर 25 हजार रुपए और दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों पर 5हजार रुपए की छूट देने की घोषणा की है। इसके अतिरिक्त, राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के पंजीकरण पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी, जिससे वाहन खरीदने की लागत में कमी आएगी। इन वाहनों को एक साल तक रोड टैक्स से भी छूट मिलेगी, जो उन्हें और भी आकर्षक बनाएगा।

**चार्जिंग स्टेशनों पर भी मिलेगा अनुदान-** राज्य सरकार ने चार्जिंग स्टेशनों के लिए 30 प्रतिशत तक की सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। इस सब्सिडी का फायदा छोटे, मध्यम और बड़े चार्जिंग स्टेशनों को



मिलेगा। इसके साथ ही बैटरी स्वैपिंग स्टेशन के उपकरणों की लागत पर भी यह अनुदान मिलेगा, जिससे इलेक्ट्रिक वाहन धारकों को चार्जिंग की सुविधा और सुलभ हो सकेगी।

**इलेक्ट्रिक व्हीकल शहरों का विकास-** मध्य प्रदेश में चार शहरों ङ्क भोपाल, इंदौर, जबलपुर, और ग्वालियर को मॉडल इलेक्ट्रिक व्हीकल शहर के रूप में विकसित किया जाएगा। इन शहरों में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा और पर्यावरण की दिशा में यह एक बड़ा कदम होगा।

### इलेक्ट्रिक वाहन से जुड़े नए स्टार्टअप्स

राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन स्टार्टअप्स के लिए इन्क्यूबेशन केंद्रों की संख्या में वृद्धि की जाएगी। इससे नई कंपनियों को ई-मोबिलिटी क्षेत्र में निवेश और विस्तार करने के अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही राज्य में ईवी तकनीकी केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे, जो इस क्षेत्र को और अधिक मजबूत करेंगे।

### पेट्रोल पंपों पर भी मिलेगा चार्जिंग प्वाइंट

सरकार का उद्देश्य है कि राज्य के सभी पेट्रोल पंपों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट स्थापित किए जाएं, ताकि वाहन मालिकों को चार्जिंग में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा, सार्वजनिक स्थलों पर चार्जिंग स्टेशन की उपलब्धता से इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग और भी बढ़ेगा।

### इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती स्वीकृति

मध्य प्रदेश सरकार की इस नई नीति के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति लोगों की स्वीकार्यता बढ़ेगी। पर्यावरण को बचाने और भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिहाज से यह नीति राज्य के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है।

# ग्वालियर-चंबल में बारिश, भोपाल-इंदौर में गर्मी: मप्रमें फिर बदला मौसम, 21 फरवरी को पूर्वी हिस्से में बारिश के आसार

**भोपाल।** वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से मध्यप्रदेश में मौसम का मिजाज फिर बदल गया है। मंगलवार को ग्वालियर-चंबल में बारिश हुई, जबकि भोपाल, इंदौर-उज्जैन में गर्मी का असर देखने को मिला। मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार को मौसम साफ रहेगा। 21 फरवरी को पूर्वी हिस्से में यानी, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, सिवनी, मंडला और बालाघाट में हल्की बारिश की संभावना है।

इससे पहले मंगलवार को प्रदेश के ज्यादातर शहरों में दिन का तापमान 30 डिग्री के पार ही रहा। भोपाल में 32.2 डिग्री, इंदौर में 31.5 डिग्री,



उज्जैन में 32 डिग्री और जबलपुर में दर्ज किया गया। ग्वालियर में एक ही दिन में पारा 4.7 डिग्री लुढ़ककर 24.9 डिग्री पहुंच गया। यहां बादल छाने की वजह से पारे में गिरावट हुई। बैतूल, धार, दमोह, सागर में पारा 32 डिग्री और नर्मदापुरम, खंडवा, खरगोन, रतलाम, मंडला में 33 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। सोमवार-मंगलवार की रात में कई शहरों में पारा 15 डिग्री से अधिक ही रहा।

**फरवरी में ऐसा ही रहेगा मौसम-** मौसम वैज्ञानिक प्रमेंद्र कुमार रैकवार ने बताया, फरवरी में कई वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होते हैं। अबकी बार भी ऐसा ही है। इस वजह से पारे में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी।

# मध्य प्रदेश से गुजरने वाले नेशनल हाइवे सहित 17 मार्गों पर बनेंगे फूड कोर्ट-रेस्टोरेंट और शॉपिंग स्टोर्स

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के साथ ही महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और राजस्थान से गुजरने वाले 17 राष्ट्रीय राजमार्गों पर अब यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी की जाएगी। इन राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे मौजूद खाली जमीन को नेशनल हाइवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट (एनएचएलएम) कंपनी द्वारा विकसित कर लीज पर दिया जाएगा।

ऐसी जमीन पर फूड कोर्ट और रेस्टोरेंट, शॉपिंग स्टोर, टायलेट सुविधा, पार्किंग, ईवी चार्जिंग स्टेशन और डोरमेट्री तैयार की जाएगी। अभी तक ये सुविधाएं सिर्फ एक्सप्रेस-वे पर ही मिलती हैं, जहां विशेष रूप से ये प्रविधान एनएचएआइ द्वारा किए जाते हैं, लेकिन अब हाइवे किनारे भी ये सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

**लीज पर दिया जाएगा-** ग्वालियर-शिवपुरी हाइवे पर 86 हजार वर्गफीट जमीन को विकसित कर लीज पर दिया जाएगा। इसके लिए घाटीगांव में जमीन को चिह्नित कर लिया गया है। ग्वालियर के अलावा मध्य प्रदेश में एनएच 52 भोजपुर-समलीकलां हाइवे पर भाटखेड़ी में 2.77 लाख वर्गफीट जमीन चिह्नित की गई है।

**यात्रि सुविधाओं का ध्यान-** दरअसल, अब भी राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे लोगों द्वारा निजी तौर पर ढाबे, छोटे होटल व दुकानों का संचालन किया जाता है। इन राजमार्गों पर टोल प्लाजा के आसपास ही कुछ सुविधाएं



मिल पाती है, जबकि नए बने एक्सप्रेस वे पर यात्री सुविधाओं का खास ख्याल रखा जाता है।

इसको देखते हुए अब पुराने राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे भी यात्री सुविधाएं बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। खाली पड़ी जमीन को लीज पर देने से सरकार को भी राजस्व प्राप्त होगा। इसके चलते अब यह पहल शुरू की गई है।

**इन स्थानों का किया है चयन-** ग्वालियर-शिवपुरी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 46 पर घाटीगांव के पास और भोजपुर-समलीकलां राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 52 पर भाटखेड़ी में जगह चिह्नित करने के साथ ही पानागढ़-पलसित पश्चिम बंगाल राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 19 पर बुदबुद में, पानागढ़-पलसित पश्चिम बंगाल राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 19 पर रसूलपुर में, वरोरा-वानी महाराष्ट्र राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 930 पर शेंबल में जगह चिह्नित की गई है।

वहीं, महाराष्ट्र में ही एनएच 930, एनएच 52, एनएच 161, एनएच 53, एनएच 361 पर भी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। राजस्थान में एनएच 58 का चयन किया गया है।

**ये मिलेंगी सुविधाएं, क्षेत्रीय कारीगरों को भी मिलेगा बढ़ावा-** इन राष्ट्रीय राजमार्गों पर जमीन लीज पर देकर फूड कोर्ट, रेस्टोरेंट, शापिंग स्टोर, कार-बस पार्किंग, प्राथमिक चिकित्सा, लैंडस्केपिंग, बच्चों के खेलने का एरिया, सुरक्षा जागरूकता कोना विकसित किया जाएगा।

इसके साथ ही ईवी चार्जिंग स्टेशन व 10 से 25 बेड की डोरमेट्री तैयार होगी। इस प्रोजेक्ट की सबसे विशेष बात यह है कि यहां क्षेत्रीय कला को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय कारीगरों को भी कियोस्क व स्टाल मुहैया कराया जाएगा। ऐसे में इन राष्ट्रीय राजमार्गों से गुजरने वाले लोग क्षेत्र विशेष की कलाकृतियों को खरीद भी सकेंगे।

# पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के कचरे को जलाने का होगा ट्रायल, हवा की गुणवत्ता पर रहेगी नजर

## वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए यंत्र लगाए गए, कचरे को 1200 डिग्री सेल्सियस पर जलाया जाएगा

**इंदौर, एजेंसी।** भोपाल की यूनियन कार्बाइड (यूका) कंपनी के कचरे को पीथमपुर स्थित री-सस्टेनेबिलिटी कंपनी में जलाने का रास्ता साफ हो गया है। उच्च न्यायालय ने तीन चरणों में ट्रायल के रूप में कचरे को नष्ट करने के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान पर्यावरण सुरक्षा का ध्यान रखते हुए वायु गुणवत्ता की निगरानी की जाएगी, जिसका दायित्व मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीपीसीबी) को सौंपा गया है। कचरे को जलाने से पहले प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कंपनी परिसर के चारों ओर वायु गुणवत्ता मापने के लिए यंत्र लगाए हैं।

इन यंत्रों से हवा में मौजूद धूल कण, जहरीली गैसों और अन्य तत्वों की लगातार जांच की जाएगी। जलाने की प्रक्रिया के दौरान वायु गुणवत्ता पर नजर रखी जाएगी और इसके लिए रियल-टाइम मानीटरिंग की भी व्यवस्था की गई है।



**24 घंटे वायु गुणवत्ता के आंकड़े होते हैं दर्ज-** बता दें कि जनवरी में ही यूनियन कार्बाइड का कचरा पीथमपुर लाया जा चुका है। वहां पहले से ही एक कंटीन्यूअस एंबिएंट एयर क्वालिटी मॉनीटरिंग स्टेशन स्थापित है, जो 24 घंटे वायु गुणवत्ता के आंकड़े दर्ज करता है।

इन आंकड़ों को कंपनी के मुख्य द्वार पर डिजिटल डिस्प्ले पर दिखाया जाता है, जिससे आम लोग भी वास्तविक समय में वायु गुणवत्ता की स्थिति जान सकें। इंसीनरेटर की चिमनी से निकलने वाले धुएं में मौजूद गैसों की सतत निगरानी की जाएगी।

**1200 डिग्री पर जलेगा कचरा-** 27 फरवरी से 27 मार्च के बीच तीन ट्रायल किए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक ट्रायल के दौरान 10-10 टन कचरा जलाया जाएगा। इसे 1200 डिग्री सेल्सियस के उच्च तापमान पर नष्ट किया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार इतने ऊंचे तापमान पर जलने से पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले तत्व प्रभावी रूप से नष्ट हो जाएंगे।

**बनाए चार लैंडफिल सेल-** कचरा जलाने के बाद बचने वाली राख के सुरक्षित निपटान के लिए कंपनी परिसर में विशेष लैंडफिल बनाया है। राख को डबल-लेयर हाई-डेंसिटी पालीथीन में संरक्षित किया जाएगा, ताकि यह वर्षों तक सुरक्षित बनी रहे।

कंपनी के संयंत्र में खतरनाक कचरे की राख को सुरक्षित रखने के लिए चार लैंडफिल सेल बनाए हैं। ये लैंडफिल पठारी क्षेत्र में स्थापित हैं ताकि भूजल या अन्य पर्यावरणीय कारकों पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े।